दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 101 | जयपुर, बुधवार, 20 मार्च, 2024 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष- एकादशी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### एनकाउंटर में मारे गए 36 लाख के 4 इनामी नक्सली



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों को बड़ा झटका लगा है। मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ एनकाउंटर में 36 लाख के चार इनामी नक्सली कमांडर ढेर हो गए हैं। यह एनकाउंट मंगलवार सुबह छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा पर हुआ। जानकारी के मुताबिक C60 कमांडो को नक्सलियों के मूवमेंट की जानकारी मिली थी, इसके बाद आसपास नाकेबंदी कर दी गई और नक्सलियों को घेर लिया। दोनों तरफ से फायरिंग हुई और एनकाउंटर में 4 नक्सली मारे गए। मरने वाले नक्सलियों की पहचान वर्गीश, मंगतु, कुरसम राजू और वेंकटेश के रूप में हुई। घटनास्थल से एक एके 47, एक कार्बाइन, दो पिस्टल समेत भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है।

### रेगिस्तानी जिलों में गर्मी के तेवर, पारा 36° पार

**जयपुर।** प्रदेश में मौसम के दो रूप देखने को मिल रहे हैं। एक तरफ तेज धूप के चलते पारा बढ़ रहा है और गर्मी चुभने लगी है। दूसरी तरफ रात को चली ठंडी हवाओं ने न्यूनतम पारे को गिरा दिया है। जैसलमेर में अधिकतम 35.2 डिग्री सेल्सियस और फलोदी में 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस और सीकर में 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते दिन के मुकाबले कुछ शहरों में अधिकतम तापमान बढ़ा है, जबकि कुछ शहरों में न्यूनतम तापमान घटा है। उत्तरी दिशा से आने वाली ठंडी हवाओं के कारण सर्दी हो रही है। पेज 2 भी देखें

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## देश की सर्वोच्च अदालत ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर 8 अप्रैल तक मांगा जवाब

# सुप्रीम कोर्ट का सीएए पर तत्काल रोक लगाने से इनकार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के कार्यान्वयन पर रोक लगाने का आग्रह करने वाले आवेदनों पर सुनवाई की और केंद्र सरकार से तीन सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। प्रधान जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जे. बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ मामले में अब नौ अप्रैल को सुनवाई करेगी।

केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय से कहा कि उन्हें 20 आवेदनों पर जवाब देने के लिए चार सप्ताह का समय चाहिए। इन आवेदनों में आग्रह किया गया है कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए), 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का शीर्ष अदालत द्वारा निपटारा किए जाने तक संबंधित नियमों पर रोक लगाई जानी चाहिए। मेहता ने कहा कि सीएए किसी भी व्यक्ति की नागरिकता नहीं छीनता। संसद द्वारा विवादास्पद कानून पारित किए जाने के चार साल बाद केंद्र ने 11 मार्च को संबंधित नियमों की अधिसूचना के साथ अधिनियम, 2019 के कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। याचिकार्ताओं ने कहा था कि सीएए के तहत अधिसूचित नियम साफ तौर पर मनमाने हैं और केवल उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर व्यक्तियों के एक वर्ग के पक्ष में अनुचित लाभ देते हैं, जो संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 के तहत सही नहीं है।




### क्या है कानून

नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का उद्देश्य धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने वाले व्यक्तियों की रक्षा करना है। यह उन्हें अवैध माइग्रेशन की कार्रवाई के खिलाफ एक ढाल प्रदान करता है। सीएए में अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और क्रिस्चन धर्मों के प्रवासियों के लिए नागरिकता के नियम को आसान बनाया गया है। पहले किसी व्यक्ति को भारत की नागरिकता हासिल करने के लिए कम से कम पिछले 11 साल से यहां रहना अनिवार्य था। इस नियम को आसान बनाकर नागरिकता हासिल करने की अवधि को एक साल से लेकर 6 साल किया गया है। इस कानून में भारत के तीन पड़ोसी देश पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए गैर मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देने के नियम को आसान बनाया गया है।

## लोकसभा चुनाव-2024: पहले चरण का नोटिफिकेशन आज

# प्रदेश की 12 सीटों के लिए आज से होंगे नामांकन

### अभ्यर्थी 27 मार्च तक कर सकेंगे नामांकन दाखिल

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत बुधवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। प्रदेश की 12 सीटों पर इस चरण में चुनाव होना है। इनमें जयपुर और जयपुर ग्रामीण सीटें भी शामिल हैं। यहां 20 से 27 मार्च तक कार्यदिवसों में नामांकन प्रपत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे और इनकी जांच 28 मार्च को की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 30 मार्च है। जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। 4 जून को मतगणना को होगी।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण में 12 लोकसभा क्षेत्र श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझूनूं, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर में 19 अप्रैल को मतदान होगा। बुधवार को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन करने का काम शुरू होगा। 27 मार्च तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 30 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतगणना 4 जून को होगी। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अंतर्गत राजस्थान लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए नामांकन दाखिल करते समय सामान्य अभ्यर्थी को 25 हजार रुपए और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी को 12 हजार 500 रुपए जमानत राशि जमा करना होगा। पेज 2 भी देखें

### फ्लाइंग स्क्वॉड टीम चप्पे-चप्पे पर रख रही निगरानी

**जयपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने मंगलवार को जयपुर में सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के नोडल अधिकारियों मीटिंग ली। इसमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 2156 फ्लाइंग स्कवॉयड टीम ने चुनाव घोषणा के साथ ही कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। बैंकों के नकद ट्रांजिक्शन के क्रम में 8676 बैंक इस एप में ऑनबोर्ड होकर कार्य कर रहे हैं। 222 पुलिस नाके, 45 आबकारी चैकपोस्ट एवं 64 वन विभाग के चैकपोस्ट ड्रग्स एवं शराब के परिवहन पर कड़ी नजर रख कर प्रभावी कार्रवाई कर रहे हैं।

## फर्जी मुठभेड़ मामले में 14 को सजा

# एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा को उम्रकैद



**एजेंसी** | मुंबई

देश के नामी एनकाउंटर स्पेशलनिस्ट प्रदीप शर्मा को बॉम्बे हाई कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। प्रदीप को रामनारायण गुप्ता उर्फ लखन भैया के फर्जी एनकाउंटर के मामले में यह सजा सुनाई गई है। लखन भैया छोटा राजन गैंग का मेंबर था। उसका एनकाउंटर मुंबई के ही वर्सोवा में नवंबर 2006 में हुआ था। इस एनकाउंटर को जांच में फर्जी पाया गया था। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस गौरी की डिविजन बेंच ने 13 अन्य लोगों की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा, जो निचली अदालत ने सुनाई थी। इनमें से एक प्रदीप सूर्यवंशी भी हैं, उन्हें भी एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के तौर पर ख्याती प्राप्त रही है।

इन लोगों पर आरोप था कि इन्होंने लखन भैया को नवी मुंबई के वाशी इलाके से किडनैप किया था। लखन के एक दोस्त अनिल भेड़ा को भी पकड़ा गया था। इस मामले में अदालत ने 6 आरोपियों को बरी कर दिया है, जबकि दो लोगों के खिलाफ केस ही बंद हो गया है। इन लोगों की उच्च न्यायालय में अपील दाखिल होने के बीच ही मौत हो गई। 12 जुलाई, 2013 को मुंबई की सेशंस कोर्ट ने प्रदीप शर्मा को इस मामले में बरी कर दिया था, लेकिन प्रदीप सूर्यवंशी समेत अन्य लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी।

## गोविंद के दरबार में लट्ठमार होली...

जयपुर। गोविंद के दरबार में गोपियों और ग्वालों ने जमकर लट्ठमार होली खेली। कलाकारों ने गायन, वादन और नृत्य की ऐसी त्रिवेणी प्रवाहित की। इसमें श्रद्धालु देर तक डुबकी लगाते रहे। पं. अविनाश शर्मा के निर्देशन में 60 कलाकारों ने लट्ठमार होली को साकार किया। (पेज 3 भी देखें)

छोड़ न पिया को आज....गोरी तू लट्ठमार
तूने न बुलाया पर मैं तेरी गली आया,
लेले सारे बदले जो मैंने तुझे सताया,
वारूं मैं तो पे सारा प्यार...गोरी तू लट्ठमार...



## क्राइम ब्रांच का एक्शन: नौकरी लगाने के नाम पर ठगी

# 8 साल से फरार 3 जिलों में वांछित 5000 का इनामी ठग अरेस्ट

**बेधड़क** | जयपुर

पुलिस की मुख्यालय स्थित क्राइम ब्रांच टीम ने तीन जिलों में वांछित 5000 रुपए के इनामी ठग को पकड़ने में सफलता हासिल की है। ठग आठ साल से फरार था। आरोपी सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर लोगों से ठगी करने के मामले में फरार चल रहा था।

एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि आरोपी अरविंद कुमार सोनी करौली जिले के सपोटरा का मूल निवासी था। इन दिनों जयपुर के गणगौरी बाजार में रह रहा था। पुलिस ने उसे सोमवार रात टोंक जिले के बरौनी थाना इलाके से डिटेन किया है। आरोपी अरविंद ठगी के मामले में बूंदी, भीलवाड़ा और टोंक जिले में लंबे समय से वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए बूंदी एसपी की ओर से पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।



डीआईजी क्राइम योगेश यादव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश के सुपरविजन में गठित टीमों को वांछित इनामी बदमाशों, आपराधिक गिरोह के सक्रिय सदस्यों, तस्करों के बारे में जानकारी जुटाने अलग-अलग शहरों में भेजा गया था। थाना रतनगढ़ चूरू में 2.26 लाख रुपए हड़पने का मामला दर्ज किया गया था।

आरोपी के विरुद्ध जयपुर, सवाई माधोपुर और टोंक में भी ठगी के मामले दर्ज हैं। वह शाहपुरा जिले के थाना पारोली और टोंक के थाना कोतवाली में वांछित है।

## लोकसभा चुनाव-2024

# 1500 पुलिसकर्मियों की टीम 5 विभागों के साथ मिलकर करेगी धरपकड़

- नकदी, शराब, मादक पदार्थ, हथियार समेत अवैध गतिविधियों पर होगी नजर
- IG अंशुमान भोमिया को बनाया स्टेट नोडल अधिकारी
- संवदेनशील क्षेत्रों में तीन पारियों में धरपकड़ करेगी टीम

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में अप्रैल माह में होने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर आचार संहिता की पालना कराने के लिए एटीएस में तैनात आईजी अंशुमान भोमिया को स्टेट नोडल अधिकारी बनाया है। इसके अलावा 1500 उड़न दस्ते बनाए गए हैं, जो प्रदेश में चुनावों को लेकर होने वाली अवैध गतिविधियों पर नजर रखेंगे। इसकी पूरी मॉनिटरिंग एटीएस और पुलिस मुख्यालय से होगी। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस हाईवे और भारत माला एक्सप्रेस हाईवे पर 24 घंटे पुलिस का जाप्ता तैनात रहेगा। यह जाप्ता उन स्थानों पर लगाया जाएगा, जहां-जहां से एक्सप्रेस हाईवे पर वाहनों की एंट्री होती है। वाहनों की 24 घंटे चेंकिंग होगी। पुलिस ने पांच विभागों के साथ मिलकर धरपकड़ करेगी। दरअसल चुनावों के दौरान पुलिस नकदी, हथियार, मादक पदार्थ व शराब पकड़ेगी। ताकि आचार संहिता की पालना हो सके। पुलिस ने संवदेनशील निर्वाचन क्षेत्रों का चयन कर लिया है, जहां पर उड़न दस्ते तीन पारियों में धरपकड़ करेंगे।



### पड़ोसी राज्यों के साथ 221 और इंटर स्टेट 268 नाके होंगे

पुलिस ने जिले के अंदर व सभी जिलों की सीमाओं पर चेक पोस्ट और नाके बनाए गए हैं। एक जिले से दूसरे जिले में आने वाले संदिग्ध लोगों और वाहनों की निगरानी होगी। पुलिस के साथ में आयकर, वन, आबकारी और नारकोटिक्स विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहेंगे। पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर पुलिस ने 221 नाके और इंटर स्टेट के 268 नाके लगाए गए हैं। जहां पर वाहनों की सघन चेकिंग होगी और पुलिस नकदी, हथियार व मादक पदार्थ सप्लाई करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।



### पालना कराएंगे

"लोकसभा चुनावों की तिथि घोषित हो चुकी है। आचार संहिता की पालना कराई जाएगी। धनबल के दुरुपयोग को रोका जाएगा और तस्करी पर निगरानी करके कार्रवाई करेंगे। कार्रवाईयों की डे टू डे रिपोर्ट तैयार की जाएगी और इस रिपोर्ट को चुनाव आयोग को भेजा जाएगा।

**- विशाल बंसल**
एडीजी, कानून व्यवस्था, पुलिस मुख्यालय

**जरूरी खबर**

### सेना भर्ती रैली में पंजीकरण 22 मार्च तक



**बेधड़क.जयपुर।** भारतीय सेना की ओर से सेना भर्ती रैली वर्ष 2024 - 25 की प्रक्रिया चल रही है। 13 फरवरी से शुरू हुई रैली के पंजीकरण के लिए 22 मार्च अंतिम तिथि है। भर्ती के लिए उम्मीदवार जोइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर आवेदन कर सकेंगे। भर्ती के लिए जेसीओ, ओआर रैंक पर सामान्य ड्यूटी, तकनीकी, कार्यालय सहायक, स्टोर कीपर, ट्रेडसमैन 10वीं पास और अग्निवर ट्रेडसमैन 8वी पास, सामान्य ड्यूटी, सैनिक तकनीकी, फार्मा और धार्मिक शिक्षक के लिए आवेदन किए जा सकेंगे।

### खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

**बेधड़क. जयपुर।** खाद्य सुरक्षा आयुक्त एवं चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान साहब ने मिनी स्वास्थ्य भवन स्थित फूड लैब का औचक निरीक्षण किया गया। फूड लैब में लगी मशीनों का बारीकी से निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वारा संयुक्त निदेशक कार्यालय परिसर का भी निरीक्षण किया गया तथा परिसर में रखें नाकारा वहां तथा अनुपयोगी सामान का निस्तारण करने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान डॉ. धौलपुरिया जॉइंट कमिश्नर फूड, अजय पाठक ड्रग कंट्रोलर साथ रहे तथा संयुक्त निदेशक जोन जयपुर डॉ. नरोत्तम शर्मा द्वारा परिसर का निरीक्षण करवाया गया।

### खाटूश्यामजी मेले व होली पर दो ट्रेनें चलाई



**बेधड़क.जयपुर।** खाटू श्यामजी मेले और होली को देखते हुए दो ट्रेनें चलाई है। यात्रियों की सुविधा के लिए हावड़ा-खातीपुरा जयपुर स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। खाटू श्याम जी मेले के लिए जयपुर-नारनौल-जयपुर स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जयपुर-नारनौल स्पेशल ट्रेने 20 से 22 मार्च तक जयपुर से 10.40 बजे रवाना होकर 14.05 बजे नारनौल पहुंचेगी। वापसी में नारनौल-जयपुर स्पेशल 20 से 22 मार्च तक (03 ट्रिप) नारनौल से 14.30 बजे रवाना होकर 18.30 बजे जयपुर पहुंचेगी। वहीं 03007, हावड़ा-खातीपुरा (जयपुर) स्पेशल (एक तरफा) हावड़ा से 23 मार्च, को 14.15 बजे रवाना होकर अगले दिन 17.00 बजे खातीपुरा पहुंचेगी।

**उदयपुर, चित्तौडगढ़ और बांसवाड़ा-डूंगरपुर में भाजपा की क्लस्टर बैठक में कार्यकर्ताओं से किया संवाद**

# पीएम मोदी ने दस साल में मां भारती का वैभव बढ़ाया: जोशी

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने 50 साल तक देश पर शासन किया और दोहन किया। जनता को सिर्फ नारे और वादे दिए काम कुछ नहीं किया।

किन्तु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दस साल में मां भारती का वैभव बढ़ाने के साथ ही ऐतिहासिक काम किए। आज पूरा विश्व भारत की तरफ देखता है। देश में ऐसा कोई व्यक्ति नहीं बचा जो मोदी सरकार की लाभार्थी योजना से ना जुड़ा हो। देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अटूट विश्वास है यह विश्वास इसलिए आया, क्योंकि नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री रहते हुए देश को परिवार माना और अपना प्रत्येक क्षण देश को समर्पित कर काम किया। इसलिए इन दस वर्षों में भारत का मान बढ़ा, सौलर ऊर्जा, योग और मोबाईल उत्पादन सहित अनेक क्षेत्रों में भारत दुनिया का नेतृत्व करने लगा है, अब रक्षा उत्पादों का भारत आयात ही नहीं निर्यात भी कर रहा है, डेयरी उत्पादों और कृषि उत्पादों में भारत शीर्ष पांच देशों में पहुंच गया है।



वे लोकसभा चुनाव को लेकर उदयपुर में लोकसभा क्लस्टर बैठक में बोल रहे थे। बैठक में उनके साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि लोकसभा व विधानसभा की प्रबंधन समिति, कोर टीम बन चुकी है और लोकसभा के कार्यालय भी खुल गए। अब नामांकन से लेकर चुनाव और मतगणना तक के लिए कार्ययोजना बनाकर अपनी भूमिका तय करनी है, तेज गति से काम करना है। हर बूथ पर एक-एक घर तक पहुंचकर भाजपा के पक्ष में मतदान करवाना है और अपने बूथ पर रिकॉर्ड मतों से भाजपा को जीत दिलवानी है।

### सरकार कर रही बेहतर कार्य

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मात्र तीन माह में ही प्रदेश की प्रगति और उन्नति के लिए अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए है। पूर्व की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता को पांच साल सिर्फ वादे और नारे ही दिए। भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रदेश की जनता की ताकत से कांग्रेस की नाकारा सरकार को उखाड़ फैकनें का काम हुआ है। अब लोकसभा चुनावों में भी जनता ने प्रदेश की सभी 25 सीटों पर कमल खिलाने का मन बना लिया है।

### इन्होंने की शिरकत

इस दौरान मंच पर मंत्री हेमंत मीणा, बाबूलाल खराडी, विधायक श्रीचंद कृपलानी, अमृतलाल मीणा, उदयलाल पटेल, प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल, डॉ. प्रभूलाल सैनी, हरिश पाटीदार, रविंद्र श्रीमाली, चन्द्रगुप्त सिंह चौहान, विधायक ताराचंद जैन सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री मोदी ने अभूतपूर्व काम किए

इससे पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी का चित्तौड़गढ में मार्बल एवं ग्रेनाईट व्यवसायियों ने स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर व्यवसायियों को सम्बोधित करते हुए सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश और लोकसभा क्षेत्र चित्तौडगढ़ में अभूतपूर्व काम किए है। रेलवे, हाईवे, रोपवे, रिंगरोड़, अस्पताल, पानी, बिजली सहित हर क्षेत्र में जनता को अनेक सौगातें मिली, अब डबोक हवाई अड्डा प्रदेश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनेगा। मोदी सरकार में विकास का क्रम आगे भी यूं ही चलता रहेगा।

**जयपुर की दोनों सीटों से नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट में खास इंतजाम**

# पहले चरण में जयपुर के मतदाता करेंगे उम्मीदवार का भविष्य तय

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत जयपुर जिले में भी बुधवार से चुनाव प्रक्रिया शुरू होगी। पहले चरण के चुनाव में जयपुर जिले के मतदाता उम्मीदवारों का भविष्य तय करेंगे। इसके तहत जिला कलेक्टर की ओर से चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन भरने का दौर शुरू हो जाएगा। जयपुर जिले की शहर एवं ग्रामीण लोकसभा सीटों के लिए जिला कलेक्ट्रेट में नामांकन की विशेष व्यवस्था की गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन प्राप्त करने वाले रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रवेश के लिए मेन गेट एवं चैनल गेट तय किए गए हैं। जयपुर शहर की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन प्रथम तल पर कमरा नंबर 103 में लिए जाएंगे। नामांकन भरने वाले प्रत्याशी के प्रवेश के लिए मैन गेट नंबर 2 निर्धारित किया गया है। वहीं जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन भूतल पर कमरा नंबर 6 में जमा किए जा सकेंगे।

यहां नामांकन दाखिल करने के लिए प्रत्याशी मैन गेट नबंर 1 का उपयोग करेगा और वह चैनल गेट नंबर 1 से प्रवेश कर कमरा नंबर 6 में नामांकन दाखिल कर सकेगा। जिला कलेक्टर राजपुरोहित ने बताया कि नामांकन दाखिल करने, उनकी जांच एवं नाम वापसी के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

प्रत्याशियों की ओर से नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 30 मार्च है। जयपुर शहर एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा और 4 जून को मतगणना को होगी। रूम नंबर 103 में रिटर्निंग अधिकारी जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित खुद जयपुर शहर के लिए नामांकन लेंगे, वही रूम नंबर 6 में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम सुरेश कुमार नवल जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट के लिए नामांकन जमा करेंगे।



### जयपुर शहर में 22 लाख से ज्यादा मतदाता

जयपुर शहर लोकसभा सीट पर इस बार 22 लाख 60 हजार से ज्यादा मतदाता है, जिसमें 10.82 लाख से ज्यादा महिलाएं है, जबकि 11.77 लाख से ज्यादा पुरुष वोटर्स हैं। इसी तरह लोकसभा क्षेत्र ग्रामीण में 21.73 लाख से ज्यादा वोटर हैं। इनमें से 10.33 महिलाएं हैं, जबकि 11.39 लाख से ज्यादा वोटर पुरुष हैं।



### ईवीएम और वीवीपैट का किया प्रथम रेंडमाइजेशन



लोकसभा चुनाव की तैयारियों के तहत मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मतदान के लिए उपयोग में ली जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के लिए प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल की अध्यक्षता एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुए रेंडमाइजेशन में जिले की सभी 19 विधानसभा क्षेत्रों के आधार पर आरक्षित रखी जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का आवंटन किया गया। लोकसभा चुनावों के तहत निर्वाचक रजिस्ट्रिकरण पदाधिकारियों को प्रथम रेंडमाइजेशन में आवंटित कुल पोलिंग बूथ का 120 प्रतिशत बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं 127 प्रतिशत वीवीपैट का वितरण किया जाएगा। रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से कंप्यूटर पर उपलब्ध चुनाव आयोग के ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम पर की गई। रेंडमाइजेशन के तहत ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के नम्बर अनुसार राजनैतिक दलों की उपस्थिति में रखा गया। प्रथम रेंडमाइजेशन की एक प्रति सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद सुनीता यादव एवं उपनिदेशक महिला अधिकारिता डॉ. राजेश डोगीवाल एवं उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी ऋतेश कुमार शर्मा सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### श्रमिकों ने ली चुनाव में मतदान करने की शपथ

आगामी लोकसभा चुनाव विधानसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से मतदाता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित के निर्देश पर जयपुर के महेन्द्रा सेज स्थित एक निजी संस्थान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि एक स्वस्थ एवं सफल लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता सक्रिय भूमिका आवश्यक है। उन्होंने श्रमिकों से 19 अप्रैल एवं 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में श्रमिकों को सी-विजिल, वीएचए, सक्षम एवं केवाईसी एप की जानकारी दी गई। साथ ही मतदान के जरिये लोकतंत्र के इस महोत्सव में भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रमिकों मतदान की शपथ भी दिलाई गई।

**नोडल अधिकारियों को दिए निर्देश**

# लोस चुनाव की तैयारियों को सजगता से पूर्ण करें



**बेधड़क** | जयपुर

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने लोकसभा आम चुनाव - 2024 के संबंध में निर्वाचन अवधि के दौरान होने कार्यों को लेकर विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियो के नोडल अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रवीण गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन व्यय के क्रम में इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट (ईएसएमएस) एप पर 313 जिला नोडल अधिकारी, 2,156 फ्लाइंग स्कवॉयड टीम ने चुनाव घोषणा के साथ ही कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। बैंकों के नकद ट्रांजक्शन के क्रम में 8,676 बैंक इस एप में ऑनबोर्ड होकर कार्य कर रहे है। 222 पुलिस नाके, 45 आबकारी चैकपोस्ट एवं 64 वन विभाग के चैकपोस्ट ड्रग्स एवं शराब के परिवहन पर कड़ी नजर रखकर प्रभावी कार्रवाई कर रहे हैं। गुप्ता ने इंटर-डिपार्टमेंटल समन्वय एवं इंटिलिजेंस शेयरिंग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने शराब, ड्रग्स एवं मादक पदार्थों के मार्ग के बारे में चर्चा की तथा संदिग्ध अंतर्राज्यीय मार्गों पर विशेष निगरानी एवं चैक पोस्ट स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने हवाई पट्टी एवं हैलिपैड पर चैंकिंग संबंधी एसओपी की जानकारी दी।

गुप्ता द्वारा पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया कि वे इंटर-स्टेट समन्वय स्थापित कर इंटेलिजेंस साझा कर सीजर में गति लाएं तथा 48 नेशनल हाइवे एवं भारतमाल सड़क पर विशेष निगरानी रखते हुए मादक पदार्थ एवं शराब के सीजर की कार्रवाई करें।

# फाग के गीतों की धमाल



**जयपुर।** फाल्गुन माह में जैसे-जैसे होली का त्योहार नजदीक आ रहा है, वैसे ही फागोत्सव के आयोजन भी बढ़ने लगे हैं। मंदिरों में भक्त ठाकुरजी संग होली खेलते नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को शास्त्री नगर सुभाष कॉलोनी स्थित श्रीराधाकृष्ण मंदिर में फागोत्सव 'रंग-रसिया' का आयोजन हुआ। इसमें श्रद्धालुओं ने फाग के गीतों पर जमकर ठुमके लगाए। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक पारीक भी मौजूद रहे। महंत पं. गोविंद शर्मा ने बताया कि दोपहर 2 बजे श्याम फागोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर श्याम बाबा और लड्डू गोपाल की की आकर्षक झांकी सजाई गई। वहीं ठाकुरजी श्रीराधाकृष्ण और श्रीराम दरबार का ऋतुपुष्पों से श्रृंगार किया गया। फागोत्सव में बाबा नंद के दरबार मची रे होली..., नयनों में श्याम समा ग्यो, मोहे प्रेम को रोग लगा ग्यो..., नैणा नीचा कर ले श्याम से मिलाव ली काई..., जैसे गीतों पर श्रद्धालुओं ने खूब ठुमके लगाए। फागोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं का गुलाल से टीका लगाकर स्वागत किया गया। इस बीच टोफियां, बिस्कुट, फल, मिठाई सहित कई चीजों की उछाल भी की गई।

**दिन का तापमान 18 डिग्री से ज्यादा होने की संभावना**

# अगले सप्ताह से तेज होगी धूप की तपिश, कई शहरों का बढ़ेगा तापमान

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में अब धीरे-धीरे गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिया है। अगले सप्ताह की शुरुआत से ही कई शहरों के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। प्रदेश में मंगलवार को तापमान में उतार चढ़ाव देखा गया।

मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में दिन का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाने की संभावना है। वहीं पश्चिम से गर्म हवाएं चल सकती है। कोटा, उदयपुर, बारां, सिरोही, जोधपुर समेत अन्य शहरों में मंगलवार को न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई। इससे सुबह-शाम हल्की सर्दी रही। सबसे ठंडी रात अलवर में रही, जहां का न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इससे पहले सोमवार को बाड़मेर में तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। जयपुर मौसम केन्द्र से जारी फोरकास्ट में राज्य में अगले 5 दिन आसमान साफ रहने और तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है। पिलानी, सीकर, बाड़मेर, चूरू में मंगलवार को न्यूनतम तापमान में करीब 2 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी हुई। बाड़मेर में तापमान एक डिग्री बढ़कर 18.8, चूरू में पारा बढ़कर 15.4, पिलानी में तापमान 14.1 और सीकर में 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

सीकर में दिन का तापमान 30 और चूरू-पिलानी में 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। करौली में न्यूनतम तापमान 10.8, हनुमानगढ़ में 11.9, फतेहपुर-सीकर में 12 और जालोर में 13.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



फोटो: पंकज शर्मा

### राजधानी में दिखा गर्मी का असर

राजधानी जयपुर में सोमवार के मुकाबले मंगलवार को तापमान एक डिग्री बढ़कर 31.4 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में दिनभर आसमान साफ रहा और दिन में तेज धूप रही। यहां अगले चार-पांच दिन आसमान साफ रहने और दिन का तापमान 33 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर जा सकता है।

### अगले सप्ताह से तेज होगी गर्मी

मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि तापमान में ये उतार-चढ़ाव अगले दो-तीन दिन और रहेगा। अगले सप्ताह से राज्य में गर्मी तेज होने लगेगी। पश्चिम से सीधी गर्म हवाएं राजस्थान में आने से यहां तापमान 38 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर जा सकता है। सरहदी जिलों में दिन और रात में गर्मी तेज होने की संभावना है।

### प्रदेश के प्रमुख शहरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम | शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|---|---|---|
| अजमेर | 31.8 | 16.9 | फतेहपुर | 32.1 | 12 |
| अलवर | 30 | 10.2 | करौली | 31.5 | 10.9 |
| जयपुर | 31.4 | 16.6 | बाड़मेर | 36.3 | 18.8 |
| पिलानी | 32 | 14.1 | पाली | 32.4 | 12.6 |
| सीकर | 30 | 12 | जैसलमेर | 35.2 | 19 |
| कोटा | 32.1 | 14.9 | जोधपुर | 33.6 | 15.9 |
| चित्तौड़गढ़ | 32.6 | 14 | बीकानेर | 33.2 | 19.3 |
| उदयपुर | 31.5 | 13.6 | चूरू | 32.1 | 15.4 |
| धौलपुर | 31 | 15 | गंगानगर | 31.5 | 15.5 |
| बारां | 31.8 | 10.8 | हनुमानगढ़ | 30.4 | 11.9 |
| डूंगरपुर | 34.4 | 17.6 | जालौर | 34.8 | 13.6 |
| सिरोही | 32.3 | 12.5 | | | |

# श्री श्याम फाल्गुन मेला 2024 की सभी श्याम भक्तों को श्री श्याम मंदिर कमेटी (रजि.) खाटूश्यामजी एवं मंदिर सेवक परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं







लखदातार ग्राउण्ड को विकसित करने पर 30 करोड़ का व्यय।



जनसहयोग के क्षेत्र में 22139140 रुपए की सहायता।




सुलभ शौचालय के लिए 5 करोड़ खर्च- लखदातार मैदान में -5, 52 बीघा पार्किंग में-3, तोरण गेट के पास-3, पुलिस थाने के पास-1, सहित कुल 500 शौचायल एवं स्नानघर घरों का निर्माण।



शिक्षा के क्षेत्र में 6106941 रुपए का सहयोग।



जरूरतमंदों को 301000 रुपए की आर्थिक सहायता।



धार्मिक क्षेत्रों में 10682467 रुपए की सहायता।

दिनांक 11 मार्च 2024 से 21 मार्च 2024 तक मेले के दौरान भक्ताों की सुगम एवं सुलभ दर्शन व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए श्री श्याम मन्दिर कमेटी (रजि.) ने व्यापक इंतजाम किए हैं तथा जनसेवार्थ सदैव तत्पर है।

- 14 प्रवेश लाईनों के माध्यम से श्रद्धालुओं के लिये श्री श्याम बाबा के सुगम एवं सुलभ दर्शन की व्यवस्था।
- लखदातार मैदान से श्री श्याम बाबा मन्दिर डेडिकेटिड 40 फीट चौड़ा रास्ता एवं उसमें सी.सी. सडक निमार्ण के साथ भक्तों की सुविधाओं का विस्तार।
- लखदातार मैदान से श्याम मन्दिर तक का दर्शन मार्ग पहले से एक तिहाई कम दूरी एवं श्रद्धालुओं के लिये 75 फीट मेला मैदान में छाया की व्यवस्था।
- श्री श्याम मन्दिर सें 40 फीट चौड़ाई का नया निकास मार्ग।
- रीगंस रोड पार्किंग में रोड़ एवं स्थाई हाई मास्ट लाईट की व्यवस्था।
- दिव्यांग एवं वृद्धजन के लिये दर्शनों की पृथक लाईन एवं नि:शुल्क ई-रिक्शा व्यवस्था।



गौसेवार्थ के लिए 7797431 रुपए का सहयोग।



सफाई व्यवस्था के लिए 7774273 रु. खर्च किए गए।



प्रताप सिंह चौहान
अध्यक्ष



श्याम सिंह चौहान
मंत्री



कालू सिंह चौहान
कोषाध्यक्ष



गोपाल सिंह चौहान
सदस्य



मानवेन्द्र सिंह चौहान
सदस्य



नरेन्द्र सिंह चौहान
सदस्य

# श्री श्याम मंदिर कमेटी (रजि.) खाटूश्यामजी

## जरूरी खबर

### हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में आग से करोड़ों का सामान राख



**चूरू।** जिले के सरदार शहर के मेहरासर चचेरा गांव में एक फर्नीचर हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग लगने से फैक्ट्री का करोड़ों का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि आग के बाद फैक्ट्री के ऊपरी हिस्से में रह रहे परिवार के 4 सदस्यों को समय रहते सकुशल बाहर निकाल लिया गया। अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी। सूचना पर सरदारशहर की दो व रतनगढ़ की एक दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्ट्री 2 मंजिला होने के कारण आग बुझाने में परेशानी उठानी पड़ी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत

**चाकसू।** इलाके के जयसिंहपुरा गांव के पास अज्ञात वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 2 युवकों की मौत हो गई। थानाधिकारी कैलाश दान ने बताया कि मृतक दयाराम बागरिया महाजनपुरा और देवराज चाकसू का रहने वाला था। दोनो युवक बाइक से टोंक से चाकसू की ओर आ रहे थे। टोंक रोड स्थित जयसिंहपुरा के पास पहुंचने पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनो को उपजिला अस्पताल लेकर पहुंची। अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनो को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### क्वार्टर में मृत मिला पुलिसकर्मी, पुलिस जांच में जुटी



**भीलवाड़ा।** जिले के गुलाबपुरा थाने में तैनात पुलिसकर्मी ने मंगलवार को अज्ञात कारणों के चलते पुलिस क्वार्टर में आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को गुलाबपुरा समुदायिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने कहा कि पुलिसकर्मी राम केदार ने अज्ञात कारणों के चलते पुलिस थाने के निकट ही बने क्वार्टर में आत्महत्या कर ली। दरअसल, राम केदार रात को ड्यूटी करने के बाद पुलिस क्वार्टर में गया था, जहां सोमवार सुबह वापस ड्यूटी पर नहीं लौटने पर सहयोगी पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। वहां उसे रामकेदार मृत अवस्था में मिला।

---

**ब्रज महोत्सव के पहले दिन रंगोली, मटका दौड़, बोरी दौड़ सहित कई प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने दिखाया दम**

# दो हजार फव्वारों से फूटी रंगीन फुहारे से सतरंगी हुआ समां

**बेधड़क** | भरतपुर

डीग में मंगलवार को ब्रज की संस्कृति और परंपराओं ने मानवता का रूप ले लिया। फाल्गुन के महीने में जलमहलों की छटा उस समय रंगीन हो गई, जब एक साथ महलों के परिसर में 2 हजार फव्वारों से रंगीन फुहारें फूट पड़ीं।

ब्रज महोत्सव के पहले दिन डीग में रंगोली, मटका दौड़, बोरी दौड़ प्रतियोगिता और मूंछ प्रतियोगिता समेत तमाम प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। ब्रज महोत्सव के पहले दिन मंगलवार शाम 4 बजे से जलमहलों में रंगीन फव्वारे संचालित हुए। रंगीन फव्वारे देखने के लिए हजारों की संख्या में भीड़ जुट गई। देर शाम तक जलमहलों में लोग फव्वारों के नजारे देखते रहे। ब्रज महोत्सव का उत्साह लोगों में देखते ही बन रहा था। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने विभिन्न प्रतियोगताओं में भाग लिया और अपना दम-खम दिखाया। मटकी सिर पर रखकर दौड़ की प्रतियोगिता में स्कूली छात्र-छात्राओं ने संतुलन और गति का शानदार सामंजस्य पेश कर लोगों की तालियां बटोरी। मंगलवार सुबह डीग के मेला मैदान में सुबह 10 बजे से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इनमें रस्साकस्सी, कबड्डी प्रतियोगिता, मटका दौड़, नींबू चम्मच दौड़, बोरी दौड़ आयोजित हुई। मटका दौड़ में बालिकाओं ने बिना मटके से हाथ लगाए दौड़ लगाई। इसी तरह बोरी में दोनों पैर डालकर दौड़ लगाई, जिन्हें देखकर लोग देर तक गुदगुदाते रहे। महोत्सव के दौरान दोपहर को मेहंदी, रंगोली और मूंछ प्रतियोगिता भी आयोजित हुईं। इसमें प्रतिभागियों की मूंछों की लंबाई इंचटेप से नापी गई।



### फाग के गीतों की बही रसधार, ठाकुरजी संग खेली होली

**चाकसू।** बरसते फूलों के बीच फाग के गीतों पर झूमते नाचते श्रद्धालु, भजनों की धुनों से उत्सवी माहौल और जयकारों की गूंज। ये नजारा था मंगलवार को चाकसू कस्बे के वार्ड-17 नीलकंठ कॉलोनी में आयोजित 'मेरो कन्हैया... फागोत्सव का। फागोत्सव की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। महिला मंडल ने फाग के गीतों पर नृत्य करते हुए ठाकुरजी को रिझाया। आयोजक संतोष गोविन्द गोड़ ने बताया कि ठाकुर जी संग फागोत्सव का यह नजारा देखने लायक था। नैणा नीचा कर ले 'श्याम से मिला व ली काई..., रंग मत डाल रे सांवरिया म्हारो गूजर मारे रे... जैसे गीतों पर श्रद्धालु मस्ती से झूम उठे। इस दौरान राधा-कृष्ण की जीवंत झांकी के समक्ष होली के गीतों के बीच भक्तों ने ठाकुरजी संग फूलों और गुलाल से होली खेली। जीवंत झांकी में राधिका गुप्ता राधा और इशिका सेन कृष्ण बनीं।



---

**डैमेज कंट्रोल के लिए विश्नोई व राजपूत समाज को साधने का प्रयास**

# कांग्रेस के दो बड़े नेताओं सहित कइयों ने थामा BJP का दामन

**बेधड़क** | जोधपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा है कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसके कार्यकर्ता पूरे साल 24 घंटे पार्टी के लिए काम करते हैं। इसकी वजह से ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। मंगलवार को लोकसभा चुनाव को लेकर जोधपुर कलस्टर की बैठक में आए कायकर्ताओं व नेताओं को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि आपको जनता को बताना है कि केंद्र और राज्य सरकार ने जो कहा, वो किया है।

इस बैठक में ही मुख्यमंत्री की मौजूदगी में कई कांग्रेसियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कलेस्टर बैठक के बाद सीएम ने चारों सीटों के प्रमुख नेताओं के साथ अलग से होटल में भी चर्चा की। बैठक में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, सांसद पीपी चौधरी सहित राज्य मंत्री मंडल के सदस्य, कलस्टर क्षेत्र के विधायक व पूर्व विधायक सहित अन्य नेता शामिल हुए। इससे पहले एअरपोर्ट पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र सालेचा, देहात महामंत्री जसवंतसिंह इंदा सहित अन्य नेताओं ने शर्मा की अगुवानी की। इस बैठक में प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी भी आने थे, लेकिन किसी कारण से वे नहीं आए। सीएम भजनलाल शाम को उदयपुर में आयोजित कलस्टर बैठक में भी शामिल हुए।




### हनुमान सिंह खांगटा ने कांग्रेस पर लगाया आरोप

पूर्व सीएम के नजदीकी हनुमान सिंह खांगटा 30 साल से कांग्रेस में थे। भाजपा जोइन करने के लिए वे मंगलवार को पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी के साथ आए थे। जोइनिंग के बाद उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी को टिकट कैसे मिला है, सबको पता है। वहां अब धनबल चल रहा है। समर्पित कार्यकर्ताओं को कोई जगह नहीं है। खांगटा की तरह नागौर के हरसौलाव के सरपंच सुरेश गुर्जर ने भी कांग्रेस छोड़ भाजपा का हाथ थाम लिया।

### मोदी राम को लाए इसलिए भाजपा में आए

कांग्रेस से फलौदी विधानसभा का टिकट मांगने वाले ठेकेदार पप्पूराम डारा भी अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। डारा ने कहा कि वह राम भक्त हैं। मोदीजी ने मंदिर बना दिया, तो भाजपा में आना ही था। आज सही दिन था, इसलिए आ गए। जब उनसे पूछा गया कि ईडी सहित किसी दूसरी एजेंसी के डर से तो नहीं आए हो, तो बोले मैं इनसे नहीं डरता। उन्होंने कहा कि जोधपुर से भाजपा को ही जीताएंगे।

### समाजों की नाराजगी दूर करने की कोशिश

भाजपा का दामन थामने वाले नेताओं में दो बड़े नाम राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा और विश्नोई समाज के भामाशाह और ठेकेदार पप्पूराम डारा का हैं। माना जा रहा है कि इन दोनों को भाजपा में लाकर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने चुनाव का डेमेज कंट्रोल किया है। विश्नोई समाज केंद्र के आरक्षण के मुद्दे को लेकर नाराज चल रहा है, वहीं कांग्रेस से समाज के राजपूत नेता को लाकर सबको साधने का प्रयास किया गया है।

---

**दौसा के लोटवाड़ा गांव की घटना**

# पत्नी की गला रेत कर हत्या के बाद पति ने की खुदकुशी



**बेधड़क** | दौसा

जिले के सदर थाना इलाके के लोटवाड़ा गांव में सोमवार रात करीब डेढ़ बजे एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। सूचना के बाद पुलिस ने पति का मोबाइल नंबर ट्रेस पर लगाया तो उसकी लोकेशन नजदीक की बाणगंगा नदी में मिली।

लोकेशन ट्रैक करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि पति ने भी आत्महत्या कर ली थी। उसने कोई जहरीला पदार्थ खाकर खुद की भी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस जांच में उसके पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। ऐसे में सदर थाना पुलिस पत्नी की हत्या करने के बाद आरोपी द्वारा सुसाइड करने के मामले की जांच करने में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार दौसा जिले के सदर थाना क्षेत्र के लोटवाड़ा गांव में जयप्रकाश गुर्जर ने अपनी अनीता की किसी हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जयप्रकाश घर से फरार हो गया था। वारदात के समय घर पर आरोपी की मां, छोटे भाई की पत्नी और दोनों भाइयों के चार बच्चे मौजूद थे। ऐसे में अचानक हुए इस घटनाक्रम से परिवार के सभी लोग सदमे में आ गए। आरोपी छोटा भाई जयपुर में काम करता है। लोगों ने जब इस हादसे की सूचना उसको दी तो छोटा भाई जयपुर से गांव पहुंचा। इसके बाद उसने सुबह सात बजे कंट्रोल रूम पर फोन कर भाभी की हत्या की जानकारी दी।

सूचना मिलने के बाद सदर थाना अधिकारी सोहनलाल पुलिस जाब्ते के साथ वारदात स्थल पर पहुंचे। वारदात स्थल का जायजा लेने के बाद सदर थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने पत्नी की हत्या के आरोपी जयप्रकाश की तलाश शुरू की। गांव के पास ही बाणगंगा नदी के किनारे पुलिस को आरोपी का शव मिला।

---

### मेघालय के CM संगमा पहुंचे चाकसू



*__चाकसू।__ मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा चाकसू पहुंचे। यहां वे कोथून रोड स्थित रामाज रिसोर्ट में रुककर विश्राम किया। सीएम कॉनराड संगमा ने यहां अपनी पत्नी के लिए डिजाइनर कुर्तियां भी खरीदी। उनके बच्चों ने यहां आईक्रीम, चॉकलेट अन्य लजीज डिस का आनंद लिया। दरअसल, सीएम संगमा सवाईमाधोपुर से जयपुर जाते समय कुछ देर के लिए यहां रुके थे। इस दौरान समाजसेवी मोहित टेलर ने उनका स्वागत किया।*

---

**खेत से घर लौटते समय पीछे से बाइक सवार ने मारा झपट्टा**

# महिला के गले से तोड़ा सोने का मंगलसूत्र

**बेधड़क** | चाकसू

शिवदासपुरा कस्बे में खेत में काम करके घर लौटी रही एक महिला के गले से बाइक सवार युवक ने सोने का मंगलसूत्र झपट लिया और फरार हो गया।

पुलिस की माने तो पीड़ित महिला ने हेल्पलाइन 100 डायल कर सूचना दी जिस पर स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर मौका मुआयना कर आस-पास के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले गए। शिवदासपुरा कस्बे में रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह सुबह करीब साढ़े 10 बजे खेत से काम करके घर अकेली लोट रही थी। तभी राजकीय विद्यालय के पास पहुंचने पर पीछे से एक बाइक सवार अज्ञात युवक ने गले से उसका सोने का मंगलसूत्र झपट कर फरार हो गया। पीड़िता का कहना है कि बाइक चला रहे युवक नकाबपोश था। शोर मचाने पर आस-पास मौजूद लोगों ने युवक का पीछा किया लेकिन तब तक युवक फरार हो चुका था।



### पुलिस कमिश्नर कल करेंगे जनसुनवाई

राज्य सरकार के आदेश के बाद पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ कमिश्नरेट के थानों में जाकर जन सुनवाई कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को शिवदासपुरा थाने में जनसुनवाई करेंगे। शिवदासपुरा थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि इस दौरान पुलिस कमिश्नर जोसफ सुबह 11 बजे शिवदासपुरा थाने पहुचकर जनता की समस्याओं की सुनवाई कर उनका हाथों हाथ निस्तारण करेंगे।

---

**आचार संहिता की पालना को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट**

# जिला कलेक्टर और एसपी ने संवेदनशील मतदान केंद्रों का लिया जायजा

**बेधड़क** | दौसा

लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन किसी प्रकार की कोताही बरतने के मूड में नहीं है। इसे लेकर दौसा जिले के प्रशासनिक अधिकारी लगातार जिले का भ्रमण कर लोगों को भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील कर रहे हैं।

वहीं मतदाताओं की सुरक्षा को लेकर भी उन्हें आश्वस्त कर रहे है। मंगलवार को दौसा जिला कलैक्टर देवेंद्र कुमार यादव एवं पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने दौसा विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रशासन ने लोगों से बात कर बूथ कैप्चिंग सहित चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अपराधिक घटना की जानकारी प्रशासन को देने के लिए कहा।

साथ ही आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित शिकायत सी-विजिल एप पर दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार शर्मा और एसपी रंजिता शर्मा ने दौसा विधानसभा क्षेत्र में जीरोता के मतदान केंद्र संख्या 88 और 89, भण्डाणा के 86 और 87, खेरवाल के 82 और 83 , नांगल बैरसी के 80 और 81, चांदराणा बैरवा की ढाणी के 76 और 77, मालपुरिया के 78, खुरी खुर्द के 71, बापी के 24, रामपुरा के 23, बोरोड़ा के 21 और 22, सैंथल के 2,3,4 और 5, तीतर वाडा खुर्द के 9 और 10, तीतरवाड़ा कला के 11 और 12, बिशनपुरा के 13 और 14, जसोता के 63 और 64 एवं हरिपुरा के 67 और 68 नंबर बूथों का जायजा लिया।



### मतदान केंद्रों पर सुविधाओं की दी जानकारी

इस दौरान जिला कलक्टर ने चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए किए गए प्रबंधों की जानकारी ली. उन्होंने अधिकारियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शिता से निर्वाचन की प्रक्रिया सम्पन्न कराने के निर्देश दिए. साथ ही ग्रामीण मतदाताओं से मतदान के विषय में बातचीत की, और भयग्रस्त मतदाताओं को मतदान देने के लिए प्रेरित किया. इस दौरान उन्होंने गांव के सभी ग्राम वासियों को मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान देने की बात कही. साथ ही चुनाव में दिव्यांग, बुजुर्गों को चुनाव आयोग द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया. उन्होंने ग्रामीणों के साथ सी विजिल, 1950 हेल्पलाइन नंबर, बूथ पर दिव्यांगजन के लिए आवश्यक सहायता रैंप, रेलिंग, व्हीलचेयर, आदर्श आचार संहिता आदि पर चर्चा की।

### कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान दौसा पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने मतदान केंद्रों पर कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारीयों को निर्देश दिए। उन्होंने भयभीत करने वाले असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही लोकसभा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने, और अतिसंवेदनशील व संवेदनशील मतदान केंद्रों पर उड़न दस्ता के साथ पुलिस व्यवस्था को 19 अप्रैल तक ओर सजग करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर निरीक्षण के दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी मनीष कुमार जाटव, तहसीलदार दौसा राजेंद्र मीणा, तहसीलदार सैंथल, बीडीओ, एसएचओ सदर और सैंथल सहित जिले के कई अधिकारी मौजूद रहे।


फोटो: पंकज शर्मा

**फागोत्सव: राधा-गोविंद और गोपियों का रूप धरकर 60 कलाकारों ने खेली लट्ठमार होली**

# गोविंद के दरबार में बजे 'बरसाना के लट्ठ'

## गायन और नृत्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिया दिया गोविंद अवॉर्ड

**बेधड़क** | जयपुर

पिंकसिटी के आराध्य देव राधा-गोविंद के मंदिर में मंगलवार को खेली गई बरसाना की लट्ठमार होली आकर्षण का केन्द्र रही। पं. अविनाश शर्मा के निर्देशन में 60 कलाकारों ने लट्ठमार होली को खेली। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने कमलकांत कौशिक सहित दो को गायन के क्षेत्र में तथा अनुराग वर्मा को नृत्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए गोविंद अवार्ड प्रदान किया। सम्मानित विभूतियों को सम्मान स्वरूप गोविंद देवजी की छवि, मेडल, शॉल, मंदिर का मॉडल और प्रसाद भी दिया गया।

मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने आयोजक धामानी परिवार का होली का स्वांग श्रृंगार किया। कार्यक्रम संचालक संजय रायजादा, मंजू शर्मा, वरिष्ठ गाय पं. अविनाश शर्मा का भी विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम संयोजक गौरव धामानी ने बताया कि प्रारंभ में वरिष्ठ भजन गायक पं. जगदीश शर्मा ने गणेश वंदना की।



### डिग्गीपुरी का राजा पर नृत्य किया

युवा गायक कुंज बिहारी जाजू ने ठेठ देसी अंदाज में पारंपरिक रचना डिग्गीपुरी का राजा सुनाई। श्रद्धालुओं ने भजन पर पर नृत्य किया। शशि भट्ट, अर्चना शर्मा, गिर्राज बालोदिया, प्रख्यात नृत्य गुरु गिरधारी महाराज के कथक आश्रम की नृत्यांगना नमिता कौशल, स्वाति गर्ग, ज्योति भारती गोस्वामी, बुंदू खान, राधा वल्लभ सक्सेना, माधव ब्रजवासी, कविता सक्सेना, कमल कांत कौशिक, ईश्वर दत्त माथुर, सुधाकर दवे, माणक डांगी, मनस्वी शर्मा, राहुल वालिया, मंजरी महाजन, गोपाल सिंह राठौड़, पूजा राठौड़ ने गायन और नृत्य की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। श्वेता धामानी, कीर्ति धामानी, माधव राज धामानी, राघवराज धामानी आदिश्री धामानी ने भावपूर्ण नृत्य किया।



**आमेर महल मंदिर से लाकर यहां स्थापित की गई है मूर्ति**

# प्राचीन महा लक्ष्मी मंदिर में मनाया पाटोत्सव, लगाया छप्पन भोग


**बेधड़क** | जयपुर

चांदी की टकसाल स्थित प्राचीन महा लक्ष्मी मंदिर में सोमवार को माता महा लक्ष्मी का जन्मदिन ओर फागोत्सव समारोह आयोजित किया गया। महोत्सव में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे माता जी को 56 भोग लगाया गया। शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें कॉमेडी किंग पन्या सेपट ने भी प्रस्तुति से भक्तों को हंसाया। मंदिर महंत राजेन्द्र कुमार शर्मा, विक्रम, कुमार शर्मा, विकास कुमार शर्मा ने महा लक्ष्मी की आरती की। इसके बाद सभी भक्तों को भोजन प्रसादी ग्रहण करवाई। 1000 वर्ष प्राचीन महा लक्ष्मी जी से संतान सुख प्राप्त के लिए में भक्तों का तांता लगा रहा। मान्यता है कि यहां पर आने से संतान प्राप्ति की मनोकामना पूर्ण होती है। यह मूर्ति जयपुर राजघराने के आमेर महल मंदिर से लाकर यहां स्थापित की गई



थी। चांदी की टकसाल में उस समय चांदी और सोने की अशर्फियां निर्मित होती थी और सर्वप्रथम माता महालक्ष्मी जी को अर्पित किए जाते थे। ऐसी अवधारणा है कि जयपुर राजपरिवार हमेशा अतिविशेष कार्य से पहले माता श्री महालक्ष्मी जी का आशिर्वाद लेकर ही उस कार्य को करते थे। आज भी समय-समय पर अपनी राजनीतिक व्यस्तता के बावजूद उपमुख्य मंत्री दीया कुमारी परिवार सहित यहां माता श्री महालक्ष्मी जी की पूजा अर्चना के लिए आती हैं।





सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

# मुख्यमंत्री को फाग महोत्सव का निमंत्रण



**बेधड़क** | जयपुर

ब्रज फाग महोत्सव समिति, राजस्थान के तत्वावधान में 23 मार्च को फाग महोत्सव 'रंग बरसे 2024' का आयोजन किया जाएगा। मानसरोवर विस्तार पत्रकार कॉलोनी में स्थित राज आंगन रिसोर्ट में शाम 4 से 8 बजे तक होने वाले इस आयोजन में लोक कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के सामाजिक संगठनों की ओर से सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मंगलवार को निमंत्रण पत्र दिया गया है। कार्यक्रम में आमजन परिवार सहित भाग लेंगे।

## किन्नरों ने नाचते-गाते ली होली की बधाई



*जयपुर। होली के पास आने के साथ ही किन्नर अपने यजमानों के यहां नाचते-गाते पहुंच रहे हैं और खुशहाली की कामना करते हुए बधाई ले रहे हैं। मंगलवार को एमआई रोड पर किन्नरों की टोली ने फिल्मी गीतों पर जमकर नृत्य किया और दुकानदारों से होली की बधाई ली।*

फोटो: राजेश कुमावत

**एयरपोर्ट के समर शेड्यूल के तहत कंपनियों ने दिया प्रस्ताव**

# जयपुर से 5 घरेलू और 3 इंटरनेशनल फ्लाइट्स होंगी शुरू

**बेधड़क** | जयपुर

समर शेड्यूल के तहत 31 मार्च से जयपुर एयरपोर्ट से 8 घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट्स के संचालन की तैयारी की जा रही है। इनमें 5 घरेलू और 3 इंटरनेशनल फ्लाइट्स शामिल हैं। फ्लाइट्स के संचालन को लेकर कंपनियों की तरफ से प्रस्ताव दिया गया है।

इसके तहत जयपुर एयरपोर्ट से इंडिगो एयरलाइंस अमृतसर, अयोध्या, वड़ोदरा के लिए फ्लाइट शुरू करेगा। इनमें इंडिगो ने अमृतसर फ्लाइट प्रतिदिन, अयोध्या फ्लाइट सप्ताह में 4 दिन और वड़ोदरा फ्लाइट प्रतिदिन चलाने का प्रस्ताव जयपुर एयरपोर्ट को दिया है।

**गुवाहाटी और चंडीगढ़ डेली होगा संचालन:** इसी तरह एयर इंडिया एक्सप्रेस ने गुवाहाटी फ्लाइट प्रतिदिन संचालित करने के लिए कहा है, जबकि एलायंस एयर द्वारा चंडीगढ़ के लिए प्रतिदिन फ्लाइट शुरू करने की तैयारी कर रहा है। अब जयपुर एयरपोर्ट इन प्रस्ताव के आधार पर शेड्यूल जारी करेगा।

जयपुर एयरपोर्ट से समर शेड्यूल में 3 नई इंटरनेशनल फ्लाइट शुरू होंगी। इनमें एयर एशिया द्वारा बरहाद ने कुआलालंपुर, एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा बैंकॉक और एतिहाद एयरवेज द्वारा अबू धाबी के लिए नई फ्लाइट शुरू करने का प्रस्ताव दिया गया है।




### पहले भी शुरू की गई थीं, लेकिन करनी पड़ी थी बंद

जयपुर एयरपोर्ट पर समर शेड्यूल की तरह ही ऐसे दावे विंटर शेड्यूल हो लेकर भी किए गए थे, लेकिन हकीकत में ये धरातल पर नहीं उतर पाए थे। एयरलाइंस कंपनियों ने नए शहरों के लिए फ्लाइट शुरू करने की घोषणा कर उन्हें शुरू तो किया था, लेकिन कुछ दिन बाद फ्लाइट को अचानक बंद कर दिया। स्पाइस जेट की और से शुरू की गई अयोध्या फ्लाइट के साथ ही कुछ ऐसा ही हुआ था, क्योंकि कुछ दिन उड़ान भरने के बाद अब ज्यादातर दिनों फ्लाइट का संचालन रद्द कर दिया गया था।

### 120 फ्लाइट का ट्रैफिक मूवमेंट रहता है रोजाना

प्रस्तावित फ्लाइट्स के संचालन के बाद जयपुर एयरपोर्ट से उड़ने वाली फ्लाइटों की संख्या 64 से 70 हो जाएगी। जयपुर एयरपोर्ट से फिलहाल 22 डोमेस्टिक और चार इंटरनेशनल फ्लाइट का संचालन किया जा रहा है, जो भारत के ही अलग-अलग राज्यों के 22 शहरों को सीधे जयपुर से जोड़ती है। इनमें दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, अहमदाबाद, चेन्नई, अयोध्या समेत 22 शहर शामिल हैं। चार फ्लाइट दुनिया के अलग-अलग शहरों को जयपुर से जोड़ती है। इनमें दुबई, बैंकॉक, मस्कट और शारजाह की फ्लाइट शामिल हैं। इसकी वजह से जयपुर में प्रतिदिन 120 फ्लाइट का ट्रैफिक मूवमेंट रहता है। समर शेड्यूल में पांच घरेलू और तीन नई अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट शुरू करने के साथ ही एयरलाइन कंपनियों ने फ्लाइट की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने का भी फैसला।

**विशेष कैम्प आज से**

# स्वच्छ मुख अभियान में ओरल हाइजीन के प्रति किया जाएगा जागरूक

**बेधड़क** | जयपुर

वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे पर इण्डियन डेंटल एसोसिएशन राजस्थान की ओर से मुख स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के लिए 20 मार्च से 10 अप्रैल तक आईडीए सदस्यों की ओर से स्वच्छ मुख अभियान चलाया जाएगा। आईडीए राजस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जैन ने बताया कि इसके तहत विभिन्न स्थानों पर सुबह 8:30 से 9:30 बजे तक विशेष कैम्प आयोजित कर ओरल हाइजीन के प्रति जागरूक किया जाएगा। सचिव डॉ. जे एस वालिया ने बताया कि यह कार्यक्रम राजस्थान के जयपुर ,उदयपुर ,जोधपुर ,कोटा आदि अन्य शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में होंगे। आईडीए जयपुर ग्रेटर शाखा के सचिव डॉ. सुनील राघव ने बताया कि पहला कैम्प 20 मार्च को सिटी पार्क मानसरोवर में आयोजित किया जाएगा। आईडीए के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि आने वाले दिनों में जवाहर सर्किल, सेंट्रल पार्क, सचिवालय, कैंडल पार्क बनिपार्क, अजमेर रोड पर कैंप लगाए जाएंगे। जयपुर ग्रेटर शाखा अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भारद्वाज ने बताया कि कैम्प के बाद मुख स्वास्थ्य संबंधी निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा।

# हमारी विरासत... विकास के तट और द्वीप!



प्रेम प्रकाश
स्वतंत्र टिप्पणीकार

किसी देश की राजनीति में एक दशक का प्रभुत्व मामूली नहीं है। यह प्रभाव आलोचना और इतिहास के लिहाज से युगीन महत्व को व्याख्यायित करता है। इस लिहाज से देखें तो भारत की बीते एक दशक की यात्रा कई मायने में विलक्षण है। यह पूरा दौर भारतीय राजनीति के केंद्र में नरेंद्र मोदी के स्थापित होने का है। 2014 से 2024 के बीच केंद्र और राज्य के बदले सत्ता समीकरण से आगे वैचारिक और ऐतिहासिक तौर पर जो बात सबसे अहम है, वह यह कि इस दौरान भारत के संघीय ढांचे को लेकर कई तरह की आपवादिकता खंडित हुई है।

इस खंडन से आगे जो बात स्थापित हुई है, वह यह कि अब जम्मू कश्मीर, पूर्वोत्तर के प्रदेशों से लेकर लक्षद्वीप या गोवा की चर्चा के लिए अलग से किसी डिस्कलेमर की जरूरत नहीं। आज ये सब भारत की अखंडता और उसकी सामासिकता को बराबरी के साथ मजबूत करते हैं। यही नहीं, जिस विरासत और विकास के नेरेटिव की बात मौजूदा लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी लगातार आगे बढ़ा रहे हैं, उसमें देश के ये तमाम हिस्से पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ शामिल हैं। पिछले कुछ समय में ऐसे कई संदर्भ और घटनाक्रम सामने आए हैं, जब भारतीयता के डीएनए को लेकर समझ की नई चौंध पैदा हुई है। खासतौर पर हाल के दिनों में दो ऐसे वाकिये सामने आए, जब यह जाहिर हुआ कि दशकों तक भारतीय मुख्यधारा से तकरीबन कटे रहे सूबे आज किस तरह महत्व पा रहे हैं। इस लिहाज से हाल में प्रधानमंत्री मोदी का लक्षद्वीप दौरा खासतौर पर महत्वपूर्ण है।

मोदी ने इस द्वीप पर बिताए पलों को तस्वीरों के साथ शेयर किया। उन्होंने लक्षद्वीप को एक बेहतरीन टूरिस्ट डेस्टिनेशन बताया। दिलचस्प है कि इसके साथ ही सोशल मीडिया पर लक्षद्वीप की मालदीव से तुलना शुरू हो गई। पर मालदीव के युवा अधिकारिता, सूचना और कला मामलों के उप मंत्री मरियम शिउना ने जब इस मामले में भारत के प्रधानमंत्री की लक्षद्वीप की प्रशंसा पर आपत्तिजनक टिप्पणी की तो बात काफी आगे बढ़ गई। देखते-देखते ये सारा मामला भारतीय गौरव और अस्मिता से जुड़ गया। एक के बाद एक आए सैकड़ों ट्वीट में भारतीयों ने जहां शिउना की बखिया उधेड़ी, वहीं दुनिया ने भारतीय एकता और अखंडता की ताकत देखी। करोड़ों भारतीयों का राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रबोध इतना प्रभावी रहा कि मरियम शिउना को अपना ट्वीट डिलीट करने पर मजबूर होना पड़ा। बड़ी बात यह कि यह सब किसी कूटनीतिक हस्तक्षेप के बगैर हुआ। ऐसा ही दूसरा मौका तब आया जब गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत अपनी पूरी कैबिनेटे के साथ अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए पहुंचे।

> *“बात उन द्वीपों की, जिनका इस्तेमाल सिर्फ मानचित्र पर भारत के भौगोलिक विस्तार को दिखाने भर के लिए होता रहा। भूले नहीं हैं लोग उस ऐतिहासिक क्षण को जब गत वर्ष नेताजी सुभाषचंद्र बोस की याद में मनाए जाने वाले पराक्रम दिवस के अवसर पर अंडमान निकोबार के 21 बेनाम द्वीपों का नामकरण 21 परम वीर चक्र सम्मानित शहीदों के नाम पर किया गया। देश की एकता और अखंडता के लिए बलिदान का इतिहास आज भारत को विरासत से विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने का न सिर्फ हौसला दे रहा है, बल्कि इसके साथ राष्ट्र के प्रति प्रेम और समर्पण का नया आख्यान भी रचा जा रहा है।”*

हिंदू आस्था और परंपरा के साथ गोवा के इस जुड़ाव ने सबको दंग किया। गौरतलब है कि आज की तारीख में यह जुड़ाव इकहरा नहीं, बल्कि यह भारतीय एकता और अखंडता का उत्तर आधुनिक आख्यान है। एक ऐसा आख्यान जिसमें भारतीयता का गर्व तो शामिल है ही, स्वाधीनता संघर्ष का भारतीय मूल्य भी प्रकाशित होता है। जिस गोवा के सांस्कृतिक आकर्षण को लेकर कभी एलेक पद्मसी जैसे दिग्गज कहते थे कि समुद्र के किनारे भारत का यह हिस्सा वेस्टर्न कल्चर का ईस्टर्न गेटवे है, वह गोवा आज सनातन और अध्यात्म के साथ अपने क्लचरल डीएनए पर नाज कर रहा। गोवा का आध्यात्मिक राष्ट्रवाद के टैंपलेट के रूप में चर्चा में आना बीते एक दशक में भारत में आए बड़े परिवर्तन की गवाही है। इतिहास बताता है कि अंग्रेजों ने भारत पर करीब दो सौ साल शासन किया, लेकिन गोवा के लोगों ने साढ़े चार सौ साल तक पुर्तगालियों को सहा। गोवा के मुख्यमंत्री इतिहास के इस पृष्ठ को खोलते हुए गर्व के साथ आज यह बात कहते हैं कि शताब्दियों लंबे विदेशी प्रभाव और हस्तक्षेप के बावजूद गोवा का कल्चरल कन्वर्जन न हो सका, वह लगातार भारतीय परंपरा के साथ जुड़ा रहा। भारत और भारतीयता से जुड़े नव विमर्श में जम्मू-कश्मीर का जिक्र भी जरूरी है। इस लिहाज से प्रधानमंत्री के हाल के कश्मीर दौरे की चर्चा गौरतलब है। श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में जब उन्होंने धारा 370 हटने के बाद वादी के लोगों के जीवन में आए बदलाव की चर्चा की तो इसके कई राजनीतिक-अराजनीतिक मायने निकाले गए। दिलचस्प है कि कश्मीर में आए बदलाव और खुलेपन का एक सिरा गोवा से भी जुड़ता है। ट्रैवलॉग की दुनिया के लोग लगातार इस बात को रेखांकित कर रहे हैं, जिस कश्मीर को धरती पर जन्नत माना जाता है, वहां तो दुनिया भर से सैलानी पहुंच ही रहे हैं। पर उस जन्नत से लोग जहां सैर सपाटे के लिए बड़ी तादाद में पहुंच रहे हैं, वह है गोवा। बात गोवा की चली है तो यह जिक्र भी जरूरी है कि समुद्र तट से लगा भारत का यह सूबा सौ प्रतिशत घरों में नल से जल और बिजली आपूर्ति करने वाला देश का पहला राज्य है। इतना ही नहीं, यह पहला राज्य है कि जहां प्रत्येक गांव में सड़कें हैं। केंद्र सरकार की योजनाएं लागू करने के मामले में भी गोवा बाकियों के लिए नजीर है। पूरे राज्य में उज्ज्वला योजना सौ प्रतिशत लागू की गई। गोवा आज किरोसीन फ्री स्टेट है। यह शत प्रतिशत शौचालय निर्माण वाला देश का पहला राज्य है। ऐसी योजनाओं की संख्या एक दो नहीं, बल्कि 13 हैं जिनमें गोवा बाकी प्रदेशों के मुकाबले शीर्ष पर है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## जलदूतों ने लिया तालाबों के पुनरोद्धार का संकल्प

# अंधेरी रात... पर दीया जलाना कब मना!



अरुण तिवारी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *“बारिश आती है, तो वह किसी की प्रतीक्षा नहीं करती। हम भी न करें। मानसून आने से पूर्व हम अपने-अपने इलाके की जल संरचनाओं, मेड़बंदियों को दुरुस्त कर लें; शहरी अपने परिसरों का पानी संजोने का इंतजाम शुरु कर दें; ताकि बारिश आए, तो धरती का पेट खाली न रह जाए।' अपील पहुंची तो चंपारण की बुनियादी पाठशालाओं ने जल सत्याग्रह का आगाज किया।”*

बंगलुरु के जल संकट का समाचार सुना तो समाधान खंगालने की जुगत में वर्ष 2016 याद आ गया, जब करोड़ों हिंदुस्तानियों की तरह नाना (नाना पाटेकर, फिल्म अभिनेता) ने भी सूखे का संत्रास देखा था। नाना ने आत्महत्या कर चुके किसानों के परिवार वालों के दर्द भरे साक्षात्कार सुने। मैंने भी सुने। मेरी हमदर्दी कलम तक सीमित रही, किंतु नाना कहते हैं कि टेलीविजन पर देखे दृश्यों से उनका दम घुटने लगा, उनकी नींद उड़ गई। उन्होंने सोचा कि जो किसान कभी राजा थे, उनके पास आज न अपने मवेशी के लिए चारा-पानी है और न अपने लिए।

मैं जो कर सकता हूं, वह करूं। जो मुट्ठीभर धन नाना के पास था, उसे लिया और मकरन्द के कहने पर 15-15 हजार रुपए 250 विधवाओं में बांट आए, लेकिन नाना इससे संतुष्ट नहीं हुए। सोचा कि यह उपाय नहीं है। असली उपाय है कि पानी के खो गए स्रोत को ढूंढ निकालो और उसे जिंदा कर दो। लोगों को साथ जोड़कर कहा खुद श्रम करो; पसीना बहाओ। महसूस करो कि कैसे कोई किसान तपती धूप और सख्त मिट्टी से जूझकर हमारे लिए अन्न पैदा करता है। नाना ने इसके लिए 'नाम फाउण्डेशन' बनाया। 'नाम' यानी भारतीय सिनेमा के अभिनेता नाना पाटेकर और मकरन्द अनस्पर द्वारा महाराष्ट्र की सूखा मुक्ति के लिए लिया एक संकल्प। परदे पर अक्सर अन्याय के खिलाफ भूमिकाओं में दिखने वाले नाना पाटेकर ने एनडीटीवी को दिए एक साक्षात्कार में कहा - 'मुझे मरते दम तक जीने का एक रास्ता मिल गया है।' यह मैं अपने लिए कर रहा हूं; अपने भीतर के इंसान को जिंदा रखने के लिए।''

फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार भी नाना के इस संकल्प से जुड़कर खुश हैं। अभिनेता आमिर खान भी 'पानी फाउण्डेशन' बनाकर लोगों को सूखे के संकट से उबारने में लग गए थे। मैग्सेसे सम्मान और स्टॉकहोम प्राइज से सम्मानित जलपुरुष राजेन्द्र सिंह, पानी को धरती के पेट में उतार लाने की कला के उस्ताद हैं। एकता परिषद के संस्थापक पी. वी. राजगोपाल की ख्याति आदिवासी व जमीन के अधिकार के लिए संघर्ष करने वाले व्यक्ति के रूप में है। याद कीजिए कि इन दोनों ने भी समय की सीख को माना था। 130 संगठनों के साथ मिलकर आपसी साझा तय किया था। एक अपील जारी की थी- 'भारतीय मौसम विभाग ने इस वर्ष 106 फीसदी वर्षा की भविष्यवाणी की है। बारिश आती है, तो वह किसी की प्रतीक्षा नहीं करती। हम भी न करें। मानसून आने से पूर्व हम अपने-अपने इलाके की जल संरचनाओं, मेड़बंदियों को दुरुस्त कर लें; शहरी अपने परिसरों का पानी संजोने का इंतजाम शुरु कर दें; ताकि बारिश आए, तो धरती का पेट खाली न रह जाए।'

अपील पहुंची तो चंपारण की बुनियादी पाठशालाओं ने जल सत्याग्रह का आगाज किया। लातूर के लोगों ने हौंसला खोने की बजाय खुद 12 करोड़ रुपए जमा किए और खुद ही माजरा नदी के पुनर्जीवन का काम शुरु कर दिया। दृश्य माध्यमों ने लातूर का संकट तो खूब दिखाया, लेकिन इस असली खबर को दिखाना वह भी भूल गया। 'द हिंदू' में छपी दिलचस्प खबर है कि 'आगा खां ट्रस्ट फॉर कल्चर' ने हैदराबाद के कुतुबशाही मकबरे का पुनरोद्धार किया। इस पुनरोद्धार का नतीजा यह हुआ कि चार मई को हुई एक बारिश में यहां की बड़ी बावड़ी में एक लाख लीटर और हमाम में 80 हजार लीटर पानी एकत्र हो गया। गत वर्ष घुवारा ब्लॉक के बमनौराकलां गांव के पहाड़ पर एक फीट गहरी, डेढ़ किलोमीटर लंबी दस नालियां बना दी थी। बारिश हुई, तो बारिश का सब पानी चांदिया तालाब में समा गया। परिणाम यह है कि कहीं और सूखा हो तो हो, घुवारा के हर नल... हर बोरवैल में पानी है।

इस सीख से सीखे भगवानसिंह परमार की पहल पर बुंदेलखण्ड के जिला छतरपुर में 100 हेक्टेयर के खौंप तालाब पर श्रमदान का जमावड़ा देख नगरपालिका शरमाई और साझा हुई। उत्तर प्रदेश पुलिस के अपर महानिदेशक महेन्द्र मोदी ने बुंदेलखण्ड के नौ गावों को गोद ले जल संरक्षण को एक अभियान का रूप दे डाला। इधर ब्लॉक पलेरा, जिला-टीकमगढ़ (मध्य प्रदेश) के गांव-छरी और टौरी का संकल्प जागा। करीब 200 ग्रामीणों ने कमर कसी, कुदालें थामी और अपनी मेहनत के दम पर सांधनी नदी पर 150 फीट लंबा, 15 फीट चौड़ा और पांच फीट गहरा स्टॉप डैम बांध दिया। सरकारी इंजीनियर ने देखा तो कहा कि आपने 30 लाख रुपए का काम कर दिखाया। जिला मेरठ के नीर फाउंडेशन के जलदूतों ने कई तालाबों के पुनरोद्धार का संकल्प अपने हाथ में लिया था। गांव करनावल के किसान सतीश ने अपनी 25 बीघा जमीन पर तालाब बना डाला। मुजफ्फर नगर की तहसील शामली में नदी पर काम शुरू हुआ। जिला-प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) में समाजशेखर प्रेरक सिद्ध हुए थे। ग्राम पंचायत को आगे कर नदी बकुलाही के पुनरोद्धार के काम को रफ्तार देनी शुरू कर दी। कुण्डा, रानीगंज, लालगंज तहसीलों में जल ढांचों को दुरुस्त कराने की अलख जगाने के काम में लगे, तो जिला प्रशासन भी सक्रिय हुआ। आर्यशेखर प्रेरित हुए तो उन्होंने पानी के व्यावसायीकरण के खिलाफ प्याऊ को औजार बनाना तय किया और गंगा प्याऊ की श्रृंखला ही शुरू कर दी। उस श्रृंखला में नई कड़ियां जोड़ने का काम आज भी जारी है। बिहार शासन ने सरकारी बैठकों में बोतलबंद पानी पर रोक का आदेश जारी कर खुशखबरी दी थी। महाराष्ट्र सरकार ने 200 फीट से अधिक गहरे बोरवैलों पर पाबंदी लगा दी थी। उत्तर प्रदेश शासन ने बुंदेलखण्ड में निजी भूमि पर 2000 खेत तालाब को मंजूरी व मदद दोनों की घोषणा कर डाली थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चेते, तो 'मन की बात' में वर्षा जल संचयन की अपील दोहरा डाली थी। संबंधित मंत्रालयों ने विज्ञापन छापे थे।

2016 में अच्छे संदेशे कई थे। वर्ष 2016 हो या 2024; कवि स्व. हरिवंश राय बच्चन के शब्दों में सभी की सीख एक ही है - है अंधेरी रात, पर दीवा जलाना कब मना है...आइए, दोहराएं. वर्ष 2023 की राष्ट्रीय वार्षिक वर्षा औसत में गिरावट हुई। दिसम्बर- जनवरी में पड़ने वाली बर्फ अब मार्च में पड़ रही है. बावजूद इसके याद रखने की बात यह है कि भारत में इतना बारिश बरसा है कि कोई बेपानी न मरे; मगर यहां तो बंगलुरु कुछ उल्ट राह पर चल निकला है। बता रहा है कि जल संकट का असल कारक मानव खुद है। अतः प्रकृति को दोष देना बेकार है। समाधान स्वयं हम मानवों को ही खोजने होंगे। संकट साझा है, तो समाधान भी साझे से ही निकलेगा। जिनके बीच सहज साझा संभव नहीं होता, संकट में उनके बीच भी साझे की संभावना बन जाती है। आइए, यह संभावना बनाए। जो खुद कर सकते हों, हम करें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## व्यंग्य

# उगते सूरज को अर्घ्य लगा रहा हूं



दिनेश विजयवर्गीय
व्यंग्यकार

भारतीय सनातन संस्कृति में प्रातः स्नान के बाद उगते सूरज को अर्घ्य लगाने और जीवन में शुभ मंगल के लिए उसकी सत्ता को नमन करने की धार्मिक परंपरा है । आज राजनीति में भी उठते प्रभावी दल को नमन करने की परंपरा देखने को मिल रही है। मित्र गुड़की भी पिछले दिनों वर्षों से पल्लवित कर और उसे पहचान दिलाने वाली वाली पार्टी को छोड़ नई बसंत बहार सी मकहती पार्टी में अपने समर्थकों सहित जाकर गले में नई पार्टी का दुपट्टा ग्रहण कर लिया और कई अख़बारों में फोटो सहित समाचार छपा।

पार्टी बदलने के बाद गुड़की मुझसे मिलने आया। मैं भी उत्सुकतावश कुछ पूछता, उससे पहले ही वह कहने लगा 'मुझे पता है श्रीजी ,तुम क्या क्या मुझसे खोद खुरच कर पूछोगे।' ' बिल्कुल सही कहा , मैं भी उत्सुक था जब से तुमने नहीं पार्टी के लिए पलटी मारी तुमसे ही सब कुछ सुनना चाहता था।'

'देखो भाई श्रीजी ! बात ऐसी है अब पार्टियों ने मौसमी में उठा पटक के चलते नीति सिद्धांत को तो पोटली में बांधकर गुड़ की भेली की तरह टांड पर रख दिये ।अब स्वार्थ की राजनीति है। हवा के रुख के अनुसार चलना पड़ता है ।नेता भी अब उस पार्टी में जाना चाहते हैं जहां यथावत उनका राजनीतिक सम्मान और प्रभाव बना रहे । आज नेतागिरी केवल जनता को सुविधा दिलाने के लिए ही नहीं की जाती है, वहां अपना भविष्य भी देखना होता है।'

' जिस पार्टी में था उसने मेरे जैसे कई नेताओं को पहचान भी दी । लेकिन आज स्थिति यह हो गई कि जिस पार्टी में मैं गया उसका जन आधार दिन दुगना राज चौगुना बढ़ता जा रहा है। ऐसे में पुरानी पार्टी में हार का डर सता रहा था । इसलिए हवा के रुख को पहचान कर समय रहते पार्टी में छलांग लगा ली। मेरे जैसे सैकड़ो लोग पार्टी के खुले दरवाजे की ओर जाकर पार्टी का दुपट्टा धारण कर रहे है। एक बात और है मुझे नई पार्टी ने मेरे जन आधार, मेरी भाषण देने की कला और जनमन को समझाने की क्षमता के चलते टिकट भी दे दिया है । तुम देखना यहां भी मेरा भाग्य पूर्णिमा के चांद की तरह चमकेगा । श्रीजी एक दिन यही कहोगे गुड़की तुमने जो कुछ किया वह सही था । उगते सूरज जैसी पार्टी को नमन करना उचित है। पीठ मोड़कर सुख भर उजाले की कल्पना करना समझदारी नहीं है।'

चाय समाप्त कर वह बोला 'अब जीत के बाद ही मिलने आऊंगा और हो सकता है मंत्रिमंडल में भी जगह मिल जाए ।'अरे गुड़की , तुम क्या तब तो मैं ही तुम्हारे निवास पर मीठा मुंह कराने ,माला पहनाने और बधाई देने आऊंगा।'वह मेरी इतनी बात सुन चलता बना और मैं उसकी आत्मविश्वासी जीत की कल्पना पर सोचता रहा।

## नॉलेज कॉर्नर: प्राचीन ग्रंथों और पुराणों से है संबंध

# ब्रज की होली का इतिहास और महत्व!

भारतीय सांस्कृतिक विरासत अपने रंगीन और उत्साहजनक महोत्सवों के लिए प्रसिद्ध है, और उनमें से एक है ब्रज की होली। ब्रज, उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में स्थित एक विशेष क्षेत्र है, जहां हर साल होली का उत्सव विशेष धूमधाम से मनाया जाता है। ब्रज की होली को इसलिए मशहूर माना जाता है क्योंकि यहां की होली में राधा-कृष्ण के प्रेम के रंग अत्यंत विशेष और मनोहारी होते हैं। ब्रज की होली का इतिहास बहुत प्राचीन है और इसका संबंध पुरातात्विक ग्रंथों और पुराणों से है। यहां कहा जाता है कि ब्रज में होली का उत्सव भगवान कृष्ण के जन्मस्थल मथुरा से आरंभ हुआ था, जहां उन्होंने अपनी प्रेमिका राधा और गोपियों के साथ होली खेली थी।

### राधा-कृष्ण के प्रेम का होता है रंग

ब्रज की होली में विशेष रूप से राधा-कृष्ण के प्रेम का रंग होता है। लोग यहां पर बिना अंगराग के, बस अद्वितीय भावना के साथ होली मनाते हैं। यहां की होली में लोग गोपी-गोपाल के रूप में अपने आप को भगवान कृष्ण और राधा के साथ जोड़ते हैं और प्रेम का रंग उनके दिलों में भर देते हैं। ब्रज की होली का सबसे प्रसिद्ध उत्सव 'लथमार होली' है, जो ब्रज के लोगों के बीच अपना खास पहचान है। इसमें महिलाएं पुरुषों को लाठियों से मारती हैं, जिसे रासलीला कहा जाता है। यह उत्सव गोपियों के उत्साह को दिखाने का एक माध्यम है और उन्हें कृष्ण के प्रेम में खोने की अनुभूति कराता है।



### लट्ठ मार होली

परंपरा है कि लट्ठ मार होली खेलने के लिए भगवान कृष्ण के नंदगांव से हुरियारे राधा रानी के गांव बरसाना जाते हैं। बरसाना की महिलाएं प्रेम पूर्वक नंदगांव के लोगों पर लाठियां बरसाती हैं। साथ ही अबीर-गुलाल और जमकर रंगों की बरसात होनी है। बरसाना में लठमार होली फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। यह होली बहुत शुभ मानी जाती है। मान्यताओं के अनुसार, बरसाने की महिलाओं की लाठी जिसके भी सिर पर छू जाती है,वह बहुत सौभाग्यशाली होता है। लट्ठ मार होली खलने से पहले नंदगांव के हुरियार श्रीकृष्ण और दाऊ जी की विग्रह के सामने फाग गीत गाते हैं और उन्हें प्रसन्न करते हैं।

**सनातन संस्कृति का अटूट हिस्सा**

*ब्रज की होली भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसे पूरे देश और विदेशों में एक विशेष दर्शनीय स्थल के रूप में जाना जाता है। यहां के उत्सव में धर्म, संस्कृति, और उत्साह का अद्वितीय मिलन होता है, जो इसे विशेष बनाता है। ब्रज की होली एक रंगीन और उत्साहजनक महोत्सव है।* कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी

X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
जिस कांग्रेस ने देश के साथ-साथ राजस्थान के लाखों युवाओं का भविष्य अधर में लटकाया है, उसी कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी एक बार फिर युवाओं को भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। उन्हें शायद नहीं मालूम यह अमृतपीढ़ी है, नये भारत की पीढ़ी है, अब यह कांग्रेस के कुशासन का दंश नहीं झेलेगी।



**दीया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
@KumariDiya
भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, गांधीवादी, पर्यावरणवादी आचार्य जे. बी. कृपलानी जी की पुण्यतिथि पर शत् शत् नमन।



**गोविंद सिंह डोटासरा,** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष
@GovindDotasra
बात... 56 इंच की 'बेबसी' से बाहर चली गई है। लाल आंख आपके बस नहीं... सेना के हाथ खोल दीजिए। अरुणाचल की तरफ आंख उठाने वालों का पक्का इलाज भी होगा और लद्दाख की जमीन से दुश्मन का कब्जा भी हटेगा।

## शहर के एजुकेटर्स का हुआ सम्मान, कई वैकल्पिक कॅरिअर ऑप्शन्स की दी जानकारी

# स्टूडेंट्स को डिप्रेशन से बचाने को जरूरी है सटीक कॅरिअर गाइडेंस

**बेधड़क** | जयपुर

शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले टीचर्स के लिए मंगलवार को सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सीबीएसई स्कूलों के 48 प्रिंसिपल और कॉमर्स फील्ड के 153 एजुकेटर्स को सम्मानित किया गया। शहर के प्रमुख लोगों की उपस्थिति में एक रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। समारोह का आयोजन एक निजी संस्थान की आरे से किया गया। इंस्टीट्यूट के चेयरमैन आरसी शर्मा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि एक आदर्श समाज और विकसित राष्ट्र की परिकल्पना गुरु के बिना नही की जा सकती है। गुरु ही जीवन में मिलने वाले यश, ज्ञान और सफलता की धुरी और एकमात्र कुंजी है। सम्मान समारोह के साथ ही एक्सीलेंस इन कॉमर्स एजुकेशन विषय पर सेमिनार का भी आयोजन किया गया। सेमिनार में 'सेलिब्रेटिंग द रोल, द रोल ऑफ एजुकेटर्स हू शेप कॅरिअर' विषय पर बात करते हुए एक्सपर्ट्स ने कहा कि हर संकाय में ओल्ड कोर्सेज के बारे में सबको पता होता है। साइंस मैथमेटिक्स में आईआईटी, साइंस बायोलॉजी में मेडिकल, कॉमर्स में CA का स्कोप है। इन कोर्सेस में काफी ज्यादा योग्यता ,रुचि और प्रयास की जरूरत होती है। जबकि हर स्टूडेंट के पास रुचि और प्रयास की क्षमता नहीं होती है। इसलिए इन कोर्सेस में सभी बच्चों को सफलता नहीं मिल पाती। वह डिप्रेशन में चले जाते हैं और गलत कदम उठा लेते हैं। इस स्थिति से बचने का केवल एक ही तरीका है कि विद्यार्थी और अभिभावकों को कॅरिअर काउंसलिंग दी जाए। उनको किसी भी संकाय में नए डेवलप हुए कोर्सेस के बारे में बताया जाए। सीए के अलावा सीएमए और एसीसीए जैसे कोर्स भी हैं। इससे विद्यार्थी बहुत कम प्रयास से पास कर सकता है।



### एसीसीए है सीए का बेहतर विकल्प

एसीसीए इंडिया के एसोसिएट डायरेक्टर सीए कुश आहूजा ने बताया कि एसीसीए का कोर्स कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए अच्छा कोर्स है। सीए की तुलना में कम मेहनत में इस कोर्स को पूरा किया जा सकता है। एसीसीए का एवरेज पैकेज 10 से 15 लाख रुपए होता है। सेमिनार में उपस्थित प्रिंसिपल्स और कॉमर्स एजुकेटर ने भी एसीसीए के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## Yuva स्टोरीज

### पंचकर्म विभाग में शुरू हुआ वमन कर्म शिविर




**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पंचकर्म विभाग की ओर से स्वास्थ्य रक्षणार्थ वासन्तिक वमन कर्म शिविर का आयोजन मंगलवार को शुरू हुआ। यह शिविर 23 अप्रैल तक चलेगा। शिविर का उद्घाटन प्रतिकुलपति राम किशोर जोशी, डीएमएस डॉ. हरीश भाकुनी, विभागाध्यक्ष डॉ. गोपेश मंगल ने किया। पंचकर्म विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गोपेश मंगल ने बताया कि आयुर्वेद के अनुसार वसन्त ऋतु में कफ दोष बढ़ता है, जिसे शरीर से बाहर निकालने के लिए वमन चिकित्सा की जाती है। वमन से विभिन्न रोगों जैसे अस्थमा, कास, अरुचि, विपाक, अम्लपित्त, मोटापा, बन्ध्यत्व, सोरायसिस, माहवारी सम्बन्धित विकारों में लाभ होता है। शिविर संयोजक डा. वैभव बापट ने बताया कि शिविर का आयोजन संस्थान के अस्पताल में 19 मार्च से 23 अप्रैल के मध्य किया जाएगा। शिविर में वमन क्रिया करवाने वाले व्यक्तियों का रजिस्ट्रेशन निशुल्क किया जाएगा एवं वमन कर्म के दौरान उपयोग में लेने वाली औषधियां भी निशुल्क रहेंगी। कार्यक्रम में डॉ. सर्वेश कुमार सिह, डॉ. क्षिप्रा राजोरिया, डॉ. विपिन तंवर, डॉ. वैभव बापट, डॉ. अनुश्री डी एवं विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### कल्पेश चौधरी को पीएच.डी

**जयपुर**। नीम का थाना निवासी कल्पेश चौधरी को राजस्थान विश्वविद्यालय ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने राजनीति विज्ञान विभाग से पूर्व विभागाध्यक्ष और सामाजिक विज्ञान शोध केंद्र की भूतपूर्व निदेशक प्रो. राका सिंह के निर्देशन में 'राजस्थान में पंचायतीराज और खानाबदोश वर्ग: एक अध्ययन' विषय पर डॉक्टरेट की उपाधि पूर्ण की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, आरएएस अधिकारी और विभिन्न लोग उपस्थित रहे। राजस्थान की घुमंतू जातियों की स्थानीय स्वशासन में भागीदारी पर राज्य की प्रथम पीएचडी है। इस दौरान उन्होंने कंजर, सांसी, गाड़ियां लोहार, कालबेलिया, नट और बंजारा सहित विभिन्न घुमंतू जातियों का क्षेत्र अध्ययन किया। उनके विभिन्न राष्ट्रीय पत्रिकाओं में खानाबदोश और उपाश्रित वर्गों की सहभागिता पर अनेक रिसर्च पेपर प्रकाशित हुए हैं। चौधरी ने इससे पहले एमफिल, नेट, सेट, जेआरएफ, एसआरएफ की परीक्षाएं भी उत्तीर्ण की हैं। कल्पेश राजस्थान विश्वविद्यालय में रिसर्च प्रेसिडेंट भी रहे हैं और वर्तमान में राज्य कर अधिकारी के पद पर सेवारत हैं।



## JECRC में टेक्नो-कल्चरल फेस्ट 'रेनेसेन्स' का आगाज

# कैंपस में मना ठहाकों का त्योहार, उल्लास का मेला




**बेधड़क** | जयपुर

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय टेक्नो-कल्चरल एनुअल फेस्ट जेईसीआरसी रेनेसेन्स का आगाज मंगलवार को हुआ। 'एन्चेंटेड' थीम पर आयोजित फेस्ट की शुरुआत जेईसीआरसी डायरेक्टर अर्पित अग्रवाल ने की। पहले ही दिन से कैंपस में आठ हजार से अधिक छात्रों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण का केंद्र कॉमेडियन रवि गुप्ता रहे। उन्होंने अपनी स्टैंड अप परफॉर्मेंस से खास सुर्खियां बटोरी। रवि की कॉमिक टाइमिंग और जोक्स ने जेईसीआरसी कैंपस में मौजूद लोगों को ठहाके मारने पर मजबूर कर दिया। वहीं 'द वाइब नेशन बैंड' ने भी जमकर रंग जमाया। बैंड की ताल पर और गायक तुषार मोदी की सुरीली आवाज पर दर्शक झूम उठे।

एसडीओ प्रांशु शर्मा ने बताया कि रचनात्मकता, कलात्मकता का यह क्रम आने वाले दो दिन भी इसी प्रकार जारी रहेगा, जिसमें पंजाबी सिंगर परमीश वर्मा और डीजे चेष्टा शिरकत करेंगे। साथ ही बताया कि 137 कोर मेंबर, 91 वॉलंटियर, 85 कोऑर्डिनेटर 2 महीनों से फेस्ट की सफलता के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। डायरेक्टर अर्पित अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के फेस्ट विद्यार्थियों के हॉलिस्टिक डेवलपमेंट के लिए आवश्यक है। जब विद्यार्थी अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलकर इन गतिविधियों में भाग लेते हैं तो वह टीम स्पिरिट, टीम मैनेजमेंट जैसी कई लाइफ स्किल्स सीखने के साथ आत्मविश्वास, इंटेलिजेंस और इमोशनल कोशंट क्षमताओं को भी बढ़ाते हैं।

### 60+ इवेंट्स में टैलेंट दिखाएंगे 4000+ स्टूडेंट्स

तीन दिन तक चलने वाले फेस्ट में 60 से अधिक इवेंट्स होंगे, जिनके लिए देशभर से 97 कॉलेजों के 4 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स ने रजिस्टर किया है। कार्यक्रम में 33 टेक्निकल, 13 कल्चरल, 11 स्प्लैश एवं 3 आर्टिस्ट लाइन इवेंट्स रहेंगे। फेस्ट की शुरुआत सारेगा, गली क्रिकेट से हुई। वहीं फॉर्मूला जीरो में प्रतिभागियों ने खुद के बनाए हुए रोबोट्स से हर्डल रेस करवाई। डीजे वार, लेन गेमिंग, आईपीएल ऑक्शन, कार्ट क्लेश और रेप-जैप जैसे इवेंट्स में छात्रों की खासी रुचि देखने को मिली। कल्चरल इवेंट शोर बाजार में नाटक के माध्यम से प्रतिभागियों ने सामाजिक मुद्दे उठाए। इसके अतिरिक्त टेक प्रोब, वेब-3 आईडियाथोन, 3-D मेनिया जैसे इवेंट्स में छात्रों ने अपनी टेक्निकल स्किल का प्रदर्शन किया।




## बच्चों ने बेहतरीन डांस प्रस्तुतियों से बांधा समां



**बेधड़क** | जयपुर

बनीपार्क स्थित फर्स्टक्राई इंटेलिटोट्स स्कूल का वार्षिकोत्सव मंगलवार को बच्चों के भारी उल्लास के बीच आयोजित किया गया। वार्षिकोत्सव में छोटे-छोटे कलाकारों ने विभिन्न डांस परफोर्मेंसेस से समां बांध दिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके की गई। वार्षिकोत्सव की थीम ए मिलियन ड्रीम्स रखी गई थी। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से सभी दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। अभिभावकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्टूडेंट्स का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य रितु मोटवानी ने वार्षिक प्रतिवेदन सहित स्कूल की सालभर की उपलब्धियों का ब्यौरा दिया। बाल कलाकारों ने मिलियंस ऑफ ड्रीम के माध्यम से अपने भावों को उजागर किया। मिलियंस ऑफ ड्रीम नाटक के माध्यम से कल्पनाशीलता व कॅरिअर, सशक्त जीवन शैली को प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



## भर्ती आवेदन की आज अंतिम तिथि




**जयपुर**। आरपीएससी की ओर से निकाली गई माध्यमिक शिक्षा विभाग में पुस्तकालय अध्यक्ष ग्रेड-द्वितीय के 300 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया बुधवार को समाप्त हो जाएगी। बुधवार को आवेदन की अंतिम तिथि है। उम्मीदवार की एक जनवरी 2025 को न्यूनतम आयु 18 साल और अधिकतम आयु 40 साल से कम होनी चाहिए। कैंडिडेट्स का सिलेक्शन लिखित परीक्षा से होगा। आवेदन ऑनलाइन ही किए जा सकेंगे, ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आरपीएससी अधिकारियों के मुताबिक परीक्षा की तारीख की घोषणा जल्द ही की जाएगी। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

## गर्ल्स एजुकेशन को बढ़ावे के लिए स्पेशल स्कॉलरशिप

**बेधड़क** | जयपुर

अजमेर रोड स्थित जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी की ओर से महिला दिवस से गर्ल स्टूडेंट्स के लिए दी जा रही विशेष छूट को लेकर स्टूडेंट्स में खासा रुझान देखने को मिल रहा है।

यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. धीरज सांघी के मुताबिक यूनिसेफ की रिपोर्ट देखें तो देश में कक्षा आठ तक 96 और कक्षा 12 तक 50 प्रतिशत गर्ल स्टूडेंट्स शिक्षा ग्रहण करती हैं एवं हायर एजुकेशन मे तो इसका प्रतिशत और कम हो जाता है।

ऐसे में यूनिवर्सिटी की ओर से गर्ल एजुकेशन को बढावा देने के लिए सभी सामान्य स्कॉलरशिप के साथ ही गर्ल्स के लिए 31 मार्च तक अतिरिक्त 15 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान किया गया है, ताकि बच्चियां उच्च शिक्षित हो सकें। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी की ओर से समय-समय पर इस तरह के ऑफर सामाजिक सरोकारों के क्रम में दिए जाते रहते हैं।

**अचीवमेंट** | जूही और पहल ने कराटे में किया अद्भुत प्रदर्शन

# म्हारी छोरियां छोरों से कम हैं के...

**बेधड़क** | जयपुर

आज के दौर में बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। चाहे शैक्षणिक क्षेत्र हों या खेल, हर जगह देश की बेटियां अपने हुनर से सफलता की नई इबारत लिख रही हैं।

और सबसे बड़ी बात कि, जिस उम्र में बच्चे खिलौनों में उलझे रहते हैं, उस उम्र में बच्चियां अपने टैलेंट से देश में अपनी अलग पहचान बना रही हैं। जयपुर की 11 वर्षीय जूही ने नेशनल चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा दिखाई है तो पहल दवे ने कराटे में ब्लैक बैल्ट हासिल कर अपने हुनर का लोहा मनवाया है।

### जयपुर की बेटी जूही प्रजापति ने जीते दो स्वर्ण पदक

कोलकाता के डनलप स्थित खालसा मॉडल एसएस स्कूल में 16 व 17 मार्च को नेशनल आयोजित बीएसएफ ओपन कराटे चैंपियनशिप में जयपुर की बेटी कराटे की नन्ही अंतराष्ट्रीय चैंपियन जूही प्रजापति ने 10-11 आयु वर्ग में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए डबल स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है। इस चैंपियनशिप में 22 राज्यों से लगभग 1500 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें जूही ने अपने 10 और 11 आयु वर्ग में तीन राज्यों के खिलाड़ियों को हरा कर पहला स्थान प्राप्त किया। जूही ने 10 और 11 के आयु वर्ग में बंगाल, हरियाणा, दिल्ली के खिलाड़ियों को हरा कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। जूही जयपुर की द पैलेस स्कूल की पांचवीं कक्षा की छात्रा है। जूही की इस उपलब्धि पर कोच निर्मल बोहरा और मोहन श्रेष्ठ ने जूही को बधाई दी है। द पैलेस स्कूल की प्रधान अध्यापक उर्वशी वर्मन, महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट की कार्यकारी ट्रस्टी रमा दत्ता, क्लास टीचर नेहा राजावत, शेर सिंह शेखावत ने भी जूही की उज्वल भविष्य की कामना की है।






### पहल दवे ने हासिल किया ब्लैक बेल्ट

जयपुर की रहने वाली पहल दवे ने पढ़ाई के साथ-साथ कराटे में ब्लैक बेल्ट हासिल की है। पहल ने 7 वर्ष की उम्र में कराटे खेलना शुरू किया था और पिछले 4 सालों से कड़ी मेहनत से इस मुकाम को हासिल किया है। इस दौरान इन्होंने कई जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक हासिल किए हैं। अब पहल का पूरा ध्यान और मेहनत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में पदक को प्राप्त करके देश का नाम रोशन करना है। उनके पिता गिरीश दवे यूएनडीपी में राष्ट्रीय कार्यक्रम अधिकारी हैं और माता पूर्णिमा दवे हाउसवाइफ हैं।

## जरूरी खबर

### अरुणाचल भारत का अभिन्न हिस्सा, चीनी दावा बेतुका



**नई दिल्ली।** भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावों को बेतुका बताते हुए खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहेगा। चीन द्वारा बार-बार इस तरह के आधारहीन दावे करने से सच्चाई नहीं बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रदेश के लोगों को भारत के विकास कार्यों का फायदा मिलता रहेगा। चीन द्वारा सेला टनल को लेकर आपत्ति उठाने संबंधी बयान सवाल के जवाब में उन्होंने यह टिप्पणी की। दरसअल, चीनी प्रवक्ता ने अरुणाचल प्रदेश पर बीजिंग के दावे को दोहराया था और इस क्षेत्र को चीन के क्षेत्र का स्वाभाविक हिस्सा बताया था।

### वायु सेना ने घायल नागरिकों को पहुंचाया चंडीगढ़

**नई दिल्ली।** वायुसेना ने खराब मौसम के कारण लेह में फंसे घायल लोगों को अपने विमान एएन-32 से निकालकर मंगलवार को लेह से चंडीगढ़ पहुंचाया गया है। वायु सेना ने सोशल मीडिया पर भी तस्वीरों को साझा किया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सद्भावना के तहत वायुसेना के एएन-32 विमान को तैनात किया गया था। बर्फबारी और खराब मौसम के कारण सड़कें बंद हो गई। इस वजह से वायुसेना लद्दाख और उसके आसपास के दूरदराज के क्षेत्रों में फंसे हमारे नागरिकों के लिए एकमात्र जीवन रेखा बनी हुई है।

### JJM: हेमंत सोरेन की भाभी सीता BJP में शामिल



**रांची/नई दिल्ली।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी और जामा से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की विधायक सीता सोरेन ने मंगलवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और भाजपा में शामिल हो गई हैं। सीता का यह कदम झामुमो के लिए सियासी झटका माना जा रहा है। उन्होंने नई दिल्ली में भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और झारखंड के चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली।सीता सोरेन ने झामुमो से इस्तीफे का पत्र पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन को भेजा था।

## सशस्त्र बलों के कमान अस्पतालों को प्रदान की रक्षा मंत्री ट्राफी



*नई दिल्ली। आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल सर्विसेज के महानिदेशक और आर्मी मेडिकल कोर के वरिष्ठ कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह ने वर्ष 2022 के लिए सर्वेश्रेष्ठ और दूसरे स्थान पर रहे सशस्त्र बलों के कमान अस्पतालों को मंगलवार को नई दिल्ली में आयाजित एक समारोह में रक्षा मंत्री ट्राफी प्रदान की।*

### प्रवासी मजदूरों को दो महीने में जारी करें राशन कार्ड



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रवासी मजदूरों के हितों को देखते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उन्हें राशन कार्ड जारी करने का निर्देश दिया है। शीर्ष कोर्ट ने कहा है कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत प्रवासी मजदूरों को दो महीने के भीतर राशन कार्ड उपलब्ध कराए जाएं। न्यायाधीश हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने यह निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निर्धारित कोटा के बावजूद राशन कार्ड जारी किए जाने चाहिए। अधिकारी अदालत के 20 अप्रैल, 2023 के निर्देशों का पालन करने में फेल साबित हुए हैं। अदालत ने कहा कि पहले के आदेश में मजदूरों को राशन कार्ड प्रदान करने के लिए तीन महीने का समय दिया गया था।

## पीएम मोदी ने कांग्रेस व द्रमुक पर साधा निशाना, कहा...

# हिंदुत्व का करते हैं अपमान, दूसरे धर्म पर एक शब्द नहीं निकलता

**एजेंसी** | सलेम (तमिलनाडु)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस और द्रमुक बार-बार हिंदुत्व का अपमान करते हैं, लेकिन किसी अन्य धर्म को निशाना नहीं बनाते। उन्होंने दोनों दलों को 'सिक्के के दो पहलू' करार दिया और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार तथा वंशवाद की राजनीति के आरोप भी लगाए। पीएम मोदी ने तमिलनाडु के सलेम में भाजपा की एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग जानबूझकर हिंदू आस्था का अपमान करते हैं और इसके खिलाफ उनका हर बयान सोच-समझकर दिया जाता है। हिंदू धर्म को गाली देने में ये एक सेकंड नहीं लगाते। मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल



गांधी की 'शक्ति' वाली टिप्पणी को लेकर मंगलवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया पर फिर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि द्रमुक समेत उसके सहयोगी दल इसका (शक्ति का) 'विनाश' करना चाहते हैं लेकिन वे खुद ही 'बर्बाद' हो जाएंगे।

### भाजपा कार्यकर्ता रमेश को याद कर हुए भावुक पीएम मोदी

पीएम मोदी सभा में उस समय भावुक हो गए जब उन्होंने 10 साल पहले जिले में मारे गए भाजपा के एक कार्यकर्ता को याद किया। इस बीच, कुछ समय के लिए उन्होंने अपना भाषण रोक दिया। उन्होंने फिर से बोलना शुरू किया तो कहा कि मैं ऑडिटर रमेश को नहीं भूल सकता। दुर्भाग्य से आज रमेश हमारे बीच नहीं हैं। रमेश ने पार्टी के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत की और वह एक अच्छे वक्ता थे। लेकिन उनकी हत्या कर दी गई।

### केरल में किया रोड शो

इससे पहले मंगलवार सुबह में पीएम मोदी ने केरल में अपने उम्मीदवारों के लिए समर्थन में पलक्कड़ में एक रोड शो किया। पीएम मोदी सुबह 10:25 बजे कोयंबटूर से हेलिकॉप्टर से मर्सी कॉलेज मैदान पहुंचे। स्वागत समारोह के बाद प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से कोट्टामैधान-अंचुविलक्कू पहुंचे। उनका रोड शो राजग उम्मीदवारों सी कृष्णकुमार (पलक्कड़), निवेदिता सुब्रमण्यन और प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन के साथ कोट्टामैधन-अंचुविलक्कू से एक खुले वाहन में शुरू हुआ।

## नायब सिंह मंत्रिमंडल का विस्तार

# BJP ने चुनाव से पहले साधे क्षेत्रीय व जातीय समीकरण

**एजेंसी** | चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री के नायब सिंह ने मंगलवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया है। इसमें नए 8 मंत्रियों को शामिल किया गया है। इनमें एक को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है, बाकी सात को स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। मंत्रिमंडल के नए सदस्यों में एक महिला विधायक भी शामिल हैं। सबसे अहम बात यह रही कि दूसरे विस्तार में एक भी निर्दलीय विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया है।

जबकि भाजपा ने जजपा से गठबंधन तोड़कर 6 निर्दलीयों और एक हलोपा विधायक गोपाल कांडा के समर्थन से सरकार बनाई है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मंत्रिमंडल के नए सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मंत्रिमंडल में पंजाबी, वैश्य व यादव समाज सहित महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया गया है। नायब सिंह सैनी ने 12 मार्च को राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की थी।



### ये है नई टीम

सीएम सैनी की टीम के नए सदस्यों में डॉ. कमल गुप्त व सीमा त्रिखा, महिपाल ढांडा, असीम गोयल, अभे सिंह यादव, सुभाष सुधा, विशंभर सिंह बाल्मीकि व संजय सिंह सभी राज्य मंत्री शामिल हैं। डॉ. कमल गुप्ता को छोड़कर बाकी सात विधायक पहली बार मंत्री बने हैं। कमल गुप्ता पहले राज्य के यूएलबी मंत्री रह चुके हैं। मंत्रिमंडल में गुरुग्राम और फरीदाबाद को भी प्रतिनिधित्व मिला है।

## कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक

# 11 राज्यों के 80 प्रत्याशियों के नाम तय!

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन में जुटी कांग्रेस ने मंगलवार को 11 राज्यों की करीब 80 सीटों के उम्मीदवारों के नाम लगभग तय कर दिए हैं और अगले एक-दो दिनों में इसकी घोषणा कर दी जाएगी।

पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की मंगलवार को नई दिल्ली में बैठक हुई जिसमें गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, अंडमान-निकोबार, कर्नाटक की सीटों को लेकर उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की गई। इनके अलावा पुडुचेरी और चंडीगढ़ के लिए पार्टी प्रत्याशी के नामों पर भी चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार तीसरी सूची में पार्टी 80 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर सकती है और इसके लिए अधिकांश नाम तय हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार चंडीगढ़ सीट पर तीन उम्मीदवारों के पैनल पर कोई अंतिम फैसला नहीं हो सका तो मामला कांग्रेस अध्यक्ष पर छोड़ दिया गया। उत्तर प्रदेश के साथ ही दिल्ली, बिहार, महाराष्ट्र और झारखंड जैसे उन राज्यों की सीटों की चर्चा नहीं की गई है। जहां कांग्रेस गठबंधन कर चुनावी मैदान में उतर रही है।

### कार्यसमिति ने किया घोषणा पत्र मंथन

दूसरी ओर कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चुनावी घोषणापत्र पर चर्चा की गई। बैठक में पार्टी अध्यक्ष खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी मौजूद रहे। बैठक के बाद खरगे ने कहा कि बैठक में हमने पार्टी के घोषणापत्र पर गहन विचार-विमर्श किया है। चुनाव घोषणा पत्र समिति ने पहले ही ड्राफ्ट कांग्रेस कार्यसमिति को मंजूरी के लिए भेज दिया था। खरगे ने नेताओं से कहा कि वे कार्यकर्ताओं से घोषणा पत्र में शामिल हर मुद्दे को देश के हर गांव और घर तक पहुंचाएं।

### 5 न्याय की बातें...25 गारंटी पर चर्चा

जयराम रमेश ने कहा कि आज हमारी जो बैठक हुई वह सिर्फ हमारे घोषणापत्र के लिए नहीं बल्कि हमारे 'न्याय पत्र' के लिए थी। बैठक में हमारे एजेंडे पर चर्चा हुई। पिछले 63 दिनों से राहुल गांधी हमारे 5 न्याय की बात कर रहे हैं और 25 गारंटी की घोषणा की है। यह सिर्फ एक साधारण घोषणा पत्र नहीं है बल्कि एक महत्वपूर्ण 'न्याय पत्र' है ताकि हमारे देश के लोग बेहतर भविष्य देख सकें।

## SC का चुनाव आयोग को निर्देश...मान्यता दें

# पवार गुट को नए नाम व चुनाव चिह्न के इस्तेमाल की अनुमति

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शरद पवार गुट को लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' का उपयोग करने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने शरद पवार गुट को पार्टी चिह्न 'तुरही बजाते व्यक्ति' का उपयोग करने की भी अनुमति दी। इसके अलावा कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को पार्टी और चुनाव चिह्न को




मान्यता देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अजित पवार गुट से भी यह सार्वजनिक नोटिस जारी करने को कहा कि राकांपा का चुनाव चिह्न 'घड़ी' विचाराधीन है और इसका इस्तेमाल न्यायिक निर्णय के अधीन है। वह लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए किसी और को चुनाव चिह्न 'तुरहा बजाता व्यक्ति' आवंटित न करे। दरअसल, शरद पवार के धड़े की ओर से सुप्रीम कोर्ट ने याचिका लगाई थी।

इसमें अजित पवार गुट को निर्वाचन आयोग की ओर से दिए गए चुनाव चिह्न 'घड़ी' का उपयोग करने से रोकने की मांग की गई थी।

## राजग की कुनबा बढ़ाने की कवायद

# महाराष्ट्र में नए समीकरणों की आहट, अमित शाह से मिले राज ठाकरे

**एजेंसी** | मुंबई/नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों से पहले एक अहम सियासी घटनाक्रम के तहत महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता राज ठाकरे ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इसके साथ ही महाराष्ट्र में सियासत गरमाने लगी है। अब यह कयास तेज हो गए हैं कि मनसे राज्य में सत्तारूढ़ भाजपानीत महायुति यानी राजग में शामिल हो सकता है।

समझा जा रहा है कि राज ठाकरे ने गठबंधन के फार्मूले को अंतिम रूप देने के लिए शाह से मुलाकात की। भाजपा लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में अपने



गठबंधन को और ज्यादा मजबूत करना चाहती है। सूत्रों के अनुसार अगर यह गठबंधन हो जाता है तो मनसे को मुंबई में लोकसभा की 1 सीट दी जा सकती है। हालांकि मनसे ने भाजपा से दो सीटें मांगी हैं। सूत्रों के अनुसार भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने पहले राज ठाकरे से मुलाकात कर गठबंधन को लेकर बातचीत की और फिर दोनों नेता नई दिल्ली में अमित शाह के आवास पर पहुंचे।

### तैयार हो चुका है रोडमैप

शाह से मुलाकात से पहले राज ठाकरे ने कहा था कि मुझे दिल्ली बुलाया गया था। सूत्रों के अनुसार भाजपा नेता व उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मनसे की एंट्री का रास्ता पहले ही तैयार कर लिया था। इसके बाद राज ठाकरे को दिल्ली बुलाया गया था। राजग यानी महाराष्ट्र में महायुति में मनसे के प्रवेश को उद्धव ठाकरे फैक्टर की काट के तौर पर देखा जा रहा है।

### बाल ठाकरे की विरासत हथियाने की कोशिश: उद्धव

उद्धव ठाकरे ने भाजपा पर बाल ठाकरे की विरासत को हथियाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने मराठवाड़ा क्षेत्र में नांदेड़ और हिंगोली जिलों में अपने दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर कहा, पहले, उन्होंने बाल ठाकरे की तस्वीर चुराई, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आज वे एक और ठाकरे को चुराने की कोशिश कर रहे हैं...इसे ले लो, मैं और मेरे लोग काफी हैं। उद्धव ठाकरे ने दावा किया कि ईसाइयों और मुसलमानों को भी उनकी हिंदुत्व की शैली से कोई समस्या नहीं है।

### उद्धव का प्रहार, वोटों के लिए ठाकरे को चुरा रही भाजपा

इस बीच, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शाह व राज ठाकरे की मुलाकात पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को नांदेड़ जिले में एक सभा में कहा कि भाजपा चुनावी लाभ के लिए एक ठाकरे को चुरा रही है। हालांकि उन्हें इससे कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा, भाजपा अच्छी तरह से जानती है कि उन्हें महाराष्ट्र में पीएम नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट नहीं मिलते हैं। लोग यहां बाल ठाकरे के नाम पर वोट करते हैं। इस अहसास ने भाजपा को बाहर से नेताओं को चुराने की कोशिश करने के लिए प्रेरित किया।

### मुंबई में मनसे का रहा है असर

मालूम हो कि राज ठाकरे ने शिवसेना से बाहर निकलने के बाद 2006 में मनसे की स्थापना की। 2009 में मनसे ने पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ा और राज्य की कुल 288 सीटों में से 13 सीटें जीतीं, जिनमें से ज्यादातर मुंबई में थीं। मनसे की जीत के पीछे मराठी वोटों का विभाजन मुख्य कारण रहा, जिसने उस साल मुंबई में लोकसभा चुनाव में भी शिवसेना का खेल बिगाड़ दिया था। हालांकि, इसके बाद गुजरते समय के साथ मनसे कमजोर पड़ती गई और राजनीतिक हाशिये पर नजर आई।

### जवाहर कला केंद्र में 'नृत्यम महोत्सव' का शुभारंभ

# गुलाबी मंच पर लखनऊ की नजाकत और मोहनीअट्टम व कथक की गहराई

**बेधड़क.जयपुर।** संगीत, ताल, शास्त्रीय नृत्य का संगम और मोहनीअट्टम व कथक नृत्य की गहराई को दिखाने वाली कलाओं ने गुलाबी नगरी के मंच को सरोबार किया तो कला प्रेमियों के चेहरे खिल उठे। जैसे-जैसे शाम आगे बढ़ती गई संगम की कला भी साकार हुई और कई ताल देखने को मिली। ये अनूठा नजारा था उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार व जवाहर कला केंद्र जयपुर के सहयोग से 2 दिवसीय नृत्यम् महोत्सव के शुभारंभ का, जिसमें पहले दिन मोहिनीअट्टम और कथक की प्रस्तुति से मंच सजा। जवाहर कला केंद्र शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुतियों से झंकृत हो उठा। कार्यक्रम में मोहनीअट्टम व कथक नृत्य की गहराई दिखाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शकों सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।






### लखनऊ की अदाकारी से शुरुआत

कार्यक्रम की शुरुआत लखनऊ के पंडित अनुज मिश्रा व उनके साथियों की कथक प्रस्तुति से हुई, जिसमें वहां की अदाकारी देखने लायक थी। कलाकारों ने शिव के तीनों रूपों, शिव ताण्डव और तीन ताल में परंपरागत कथक पेश किया गया तो हर उम्र के कला प्रेमी रोमांचित हो उठे। इसी के साथ उन्होंने श्री राम पर आधारित भाव प्रस्तुति को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत कर दर्शकों से तालियां बटोरी।

### जयाप्रभा मेनन ने कृष्णमय कर दिया माहौल

इसके बाद 5 सदस्यीय दल के साथ दिल्ली से पहुंची मोहिनीअट्टम की नृत्यांगना जयाप्रभा मेनन ने भव्य मंच पर भारतीय शास्त्रीय नृत्य मोहिनीअट्टम के विभिन्न रूपों की शानदार प्रस्तुति से वातावरण को कृष्णमय कर दिया। केरल की प्राचीन कला शैली मोहिनी अट्टम की सशक्त हस्ताक्षर जया प्रभा मेनन और उनके साथी कलाकारों ने अपनी सम्मोहिनी नृत्य भंगिमाओं से दर्शकों को अभिभूत कर दिया। प्रस्तुति की शुरुआत मोहनीअट्टम शीर्षक पर आधारित 'नृत्या' नृत्य से होती है। इसके पश्चात 'छलिए कुंजन' प्रसंग साकार हुआ, जिसमें राधा कृष्ण से प्रार्थना करती है कि चलो साथ में निकुंज चले और सभी गोपियों के साथ नृत्य करें।

### ओडिसी से साकार होगा मंच

गौरतलब है, कि कार्यक्रम के तहत नृत्यम् के दूसरे दिन बुधवार को रंगायन में शाम 6 बजे पद्मश्री अलंकृत माधवी मुद्गल ओडिसी तथा गौरी दिवाकर कथक नृत्य की प्रस्तुति होगी। इस दौरान देश के अनुभवी कलाकार परफॉर्म करेंगे।

### भारत माता मंदिर की स्थापना



फोटो: राजेश कुमावत

**बेधड़क. जयपुर।** मानसरोवर विस्तार पीआरएन 200 फिट बायपास वंदे मातरम् मार्ग भारत माता सर्किल पर स्थानीय नागरिकों की ओर से भारत माता मंदिर की स्थापना की गई। समारोह में विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ प्रचारक जुगल किशोर शर्मा की अध्यक्षता में व सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश शर्मा के द्वारा सर्कल के मध्य प्रतिमा को विधि विधान से स्थापित किया गया। इस मौके पर सर्किल को रंगोली व केसरिया पताकाओं से सजाया गया। सफेद मार्बल से निर्मित लगभग 4 फीट ऊंची 'भारत माता' की प्रतिमा शेर के साथ तिरंगे वस्त्रों से सजी हुई है। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद मुकेश शर्मा काका, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर जसबीर सिंह, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष नटवरलाल शर्मा, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के देव गुर्जर सहित स्थानीय समाज लोग उपस्थित रहे।

### '...धोखा' में प्राचीन कला जीवंत



**बेधड़क. जयपुर।** 'बैठ गए रथ में रानी संग, नहीं विलम्ब लगाया है, हो प्रसन्न मन तुरत भूप ने रथ को फिर दौड़ाया है।।' कुछ ऐसे ही आल्हा गायकी के बोलों और नगाड़े की टंकार के साथ नौटंकी नाटक श्रीमान धोखा की शुरुआत हुई। वरिष्ठ रंगकर्मी कुलदीप शर्मा व सहायक निर्देशक प्रभा शर्मा की देख-रेख में प्रस्तुति की मुख्य अतिथि नाट्य विभाग आरयू की विभागाध्यक्ष प्रो. अर्चना श्रीवास्तव रहीं। नौटंकी मूल रूप से गायकी प्रधान नाट्य शैली है। इसके गायन में लोक धुनों, बहरे तवील, दोहा, चैबोला, आल्हा आदि का प्रयोग कर कहानी का वर्णन किया जाता है। निर्देशक कुलदीप शर्मा व प्रभा शर्मा की टीम ने मुकेश वर्मा सोनी के संगीत निर्देशन में अभिनेताओं से मेहनत कराई। इस दौरान संगीत शोधार्थी अनमोल दीप के सहयोग को उल्लेखित किया। कलाकारों में प्रिंस तलवारिया, हर्षित शर्मा, लोकेश वर्मा, नेहा बूटोलिया, वैशाली शर्मा, किरण, हर्षिता वर्मा, गुरू प्रसाद व हिमांशु वर्मा ने प्रमुख भूमिकाए निभाई। साथ ही विकास, मनीष, माताचरण आदि ने सहायकों की भूमिका में प्रस्तुति दी।

## City इवेंट्स

### रंगोत्सव में कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां




**बेधड़क. जयपुर।** कलावृन्द की ओर से वाटिका गांव स्थित गोविन्द मोहन मुक्ताकाश में रंगोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। शिवनन्दन सिंह, पूर्विता, मास्टर सुदर्शन व मास्टर आद्विक ने अपने गायन की प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। समारोह में संगत कलाकारों के रूप में हारमोनियम व सिंथेसाइजर पर मयंक शर्मा, तबले पर नरेन्द्र सिंह, ढोलक पर कमल राणा, बांसुरी पर अनिल जांगिड़ तथा ऑक्टोपैड पर सतीश शर्मा ने संगत की। सत्यप्रकाश खेड़ी ने कलाकारों को श्रीफल देकर सम्मानित किया।

### एक्सपो का प्रोमो हुआ लॉन्च



**बेधड़क. जयपुर।** क्रेडाई राजस्थान की ओर से एक्सपो का आयोजन 4 से 7 अप्रैल तक राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में किया जाएगा। एक सेमिनार में प्रोमो लॉन्च किया गया। राजस्थान चेयरमैन गोपाल गुप्ता ने कहा कि मार्केट में डिमांड बढ़ी है। हर कदम बेहतरी की ओर बढ़ रहा है। राजस्थान के को-कन्वीनर कृष्णा गुप्ता ने कहा कि सभी में एक्सपो को लेकर उत्साह है।

### सीता-राम ने खेली फूलों से होली



**बेधड़क. जयपुर।** श्रीसमाज श्री सीतारामजी की ओर से श्रीसीतारामजी छोटी चोपड़ स्थित मंदिर में धूमधाम से होली उत्सव मनाया गया। संस्था अध्यक्ष नवल-किशोर झालाणी ने बताया कि भक्तों ने एक तरफ राम दरबार लगाया तो दूसरी ओर सीता का सहेलियों के साथ दरबार लगाया। राम ने सीता को रंग से भरी पिचकारी मारी। सीताजी ने सखियों के साथ मिलकर रामजी को पकड़कर राम के साथ होली खेली। समाज के राम गोपाल बूसर ने पद गाकर ठाकुर को रिझाया। 200 किलो फूलों से सीता-राम ने होली खेली।

### लोक गायकों ने जमाया रंग...

# 'मेरो राजा जेंटलमैन, बहन ये अंग्रेजी में बोले' पर झूमे युवा



**बेधड़क | जयपुर**

मेरो राजा जेंटलमैन बहन ये अंग्रेजी में बोले रे" और "कैसे आग्यो रे जमानो या पून्या का भाया' सरीखे ठेठ मेवाती गीत गाकर युवा वादक और गायकों ने साथी लोक गायकों के साथ संगत का रंग जमा दिया।

मौका था सैकड़ों युवक-युवतियों के बीच आयोजित संगत में आधा दर्जन मेवाती गीत प्रस्तुत करने का। मेवात के भूगोल भाषा और इतिहास को दर्शाने वाले मस्त लोक गीत सुनाएं। तुम्बे और घोड़े के बाल से बने चिकारा पर मेवाती कलाकारों की जुगलबंदी ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रमों के संयोजन करते हुए वरिष्ठ निर्देशक अशोक राही ने कहा, कि राजस्थान फॉर्म की मुहिम संगत का उद्देश्य नई पीढ़ी को संस्कृति इतिहास और लोकभावनाओं से रूबरू कराना है।

इस दौरान कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि गोविंद माथुर, निर्देशक सुप्रिया शर्मा, छायाकार सतेंद्र सिंह सहित अनेक साहित्य और संस्कृति से जुड़े लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में देवेंद्र सिंह शेखावत ने सभी कलाकारों का धन्यवाद देते हुए स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए उनका सम्मान किया। कलाकारों ने अपने भावों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया और मुसलमान कलाकारों ने शुरुआत गणेश वंदना से करते हुए सौहार्द दर्शाया तो हर किसी ने उनकी तारीफ में तालियां बजाईं। छह से ज्यादा कलाकारों ने राजस्थान पोषाक पहनकर परफॉर्म करते हुए प्रदेश की संस्कृति को भी साकार किया। इस दौरान कलाकारों का माला पहनाकर स्वागत और अभिनंदन किया गया, जिससे वे उत्साहित नजर आए। उन्होंने प्रस्तुतियों में कई उदाहरण पेश करते हुए लोगों को प्रभावित किया।

### चारु माथुर का भी किया सम्मान

## वरिष्ठ रंगकर्मी माथुर को लोक गायन के लिए गोविंद अवॉर्ड



**जयपुर।** वरिष्ठ रंग कर्मी व लोक गायक ईश्वर दत्त माथुर को ठिकाना गोविंद देवजी मंदिर में चल रहे फागोत्सव में मंदिर प्रशासन की ओर से "गोविंद अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया।

मंदिर महन्त अंजन कुमार गोस्वामी ने माथुर को उनके लोक गायन के क्षेत्र में अवदान के लिए मेडल पहनाया, शाल ओढ़ाई और भगवान की छवि का चित्र और मंदिर प्रांगण की प्रतिकृति का स्मृति चिन्ह भेंट किया। माथुर की पत्नी चारु माथुर का भी सम्मान किया गया।

### 'साउंड ऑफ स्प्रिंग' संगीत कला महोत्सव

## कला के विलक्षण संसार को नाद रंगों में साकार किया



**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति में 2 दिवसीय 'साउंड ऑफ स्प्रिंग' संगीत कला महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय शास्त्रीय संगीत और अन्य कलाओं के विलक्षण संसार को नाद रंगों में साकार होते पाया गया। सृजिका फाउंडेशन की पहल पर 'जयपुर म्यूजिक सर्कल' द्वारा समिति के प्रांगण में में श्रोताओं ने प्राचीन श्रुति परंपरा की गहराइयों में डूबकर स्वर लहरियों का आनंद लिया। "साउंड ऑफ स्प्रिंग" में लाइव संगीत कार्यक्रमों के साथ-साथ, भक्ति काल के संत-कवियों की अभिन्न वाणियों का प्रोजेक्ट रेत राग के तहत संगीतमय प्रस्तुतीकरण किया गया। विभिन्न प्रासंगिक विषयों पर अनौपचारिक माहौल में राजेन्द्र बोड़ा, गौरव जैन, कामाक्षी सक्सेना, अभिषेक कुमावत, प्रेरणा श्रीमली, अशोक राही, विनोद जोशी, अंजलिका शर्मा, डॉ. भूपेन्द्र सिंह आदि ने प्रस्तुतियां दीं। महोत्सव में युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला, जिनमें ऐश्वर्य आर्य का पखावज वादन, शुभंकर शर्मा का सितार, भानु कुमार के द्वारा ठुमरी गायन, अक्षय निरंकारी का ख्याल गायन के साथ जयपुर तमाशा शैली के कलाकार दिलीप भट्ट द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया।

**आरयू** | सितार वादक पं. देबाजीत चक्रवर्ती और तबला वादक डॉ. विजय सिद्ध ने दी प्रस्तुति

# तबले की स्पष्ट 'चांट' ताल की एक-एक मात्रा को किया जीवंत

**बेधड़क | जयपुर**

कोलकाता के पं. देबाजीत चक्रवर्ती और तबला वादक डॉ. विजय सिद्ध ने आरयू परिसर में फन का प्रदर्शन किया। सितार रिसाइटल नामक कार्यक्रम भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद की नॉर्थ जोनल इकाई की ओर से यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान के सहयोग से परिषद की 'होरीजोन सीरीज' के तहत आयोजित किया गया। सुर, लय और ताल के बेहतरीन समन्वय से सराबोर कार्यक्रम में जहां सितार वादक देबाजीत चक्रवर्ती ने परिवेश में सुरों की मिठास घोली, वहीं तबला वादक डॉ. विजय सिद्ध ने 3 ताल और रूपक तालों के जरिए सुरों में लय, ताल का समावेश कर प्रस्तुति को और आकर्षक बना दिया।



### राग गौड़ मल्हार से सुरों की वर्षा

देबाजीत चक्रवर्ती ने राग गौड़ मल्हार और मिश्र काफी को प्रस्तुति का माध्यम बनाया। राग गौड़ मल्हार के दौरान सुरों की वर्षा का माहौल बनाया, जबकि मिश्र काफी राग के दौरान संगीत प्रेमियों को उनके सुरों में लोक संगीत की चंचलता महसूस हुई। राग मिश्र काफी का लोक संगीत से काफी से घनिष्ठ संबंध है और अनेकों लोक गीतों में इसके सुरों की चंचल और शोख तासीर सहज ही महसूस की जा सकती है।

### प्रस्तुति से जमाया रंग

प्रस्तुति के दौरान विजय ने 3 ताल और रूपक तालों में अनेक प्रकार की लय, उन पर चलन और लय बांट का कुशलता से प्रदर्शन किया। तबले की स्पष्ट 'चांट'ताल की एक-एक मात्रा को सहज ही जीवंत कर रही थी। इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चित्रकार पद्मश्री तिलक गिताई ने कलाकारों का और म्यूजिक डिपार्टमेंट की हैड डॉ. वंदना कला ने गिताई का अभिनंदन किया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, बुधवार, 20 मार्च, 2024





गुणवत्ता कभी भी आकस्मिक नहीं होती, यह हमेशा बुद्धिमान प्रयास का परिणाम होती है।
**विनायक शर्मा**, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### पिछले साल अमेरिका में घुसे 5 लाख घुसपैठिए, इस बार बड़ा चुनावी मुद्दा

# भूख-प्यास और यौन शोषण से लड़कर US पहुंच रहे माइग्रेन्ट्स

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले अवैध घुसपैठ का मुद्दा गरमाया हुआ है। पिछले साल केवल दिसंबर महीने में अमेरिका में घुसपैठ की कोशिश करने वालों की संख्या साढ़े 3 लाख से ऊपर चली गई। बीते साल में ये आंकड़ा 5 लाख से ज्यादा है। घुसपैठ करने वाले लोग डेरियन गैप के रास्ते अमेरिका में प्रवेश करते हैं जो बहुत खतरनाक है। डेरियन गैप में कोई पक्की सड़क नहीं है, न ही खाने-पीने का इंतजाम। ये करीब सौ किलोमीटर में फैला वो घना जंगल है, जहां दलदली जमीन है और तेज बारिश होती रहती है। मिसिंग माइग्रेंट प्रोजेक्ट ने बीते साल लगभग डेढ़ सौ लोगों की इस रूट पर मौत रिपोर्ट करते हुए माना कि असल आंकड़ा कहीं ज्यादा होगा। लोग दलदल या नदी में समा गए होंगे। डिपार्टमेंट ऑफ होम सिक्योरिटी ने खुद ये डेटा जारी करते हुए अवैध इमिग्रेशन पर चिंता जताई है। दुनिया के कई देशों के लोग अलग-अलग वजहों से अमेरिका को अपने लिए शरणगाह मान रहे हैं. लेकिन चूंकि ये देश सबको शरण नहीं दे सकता, इसलिए अनाधिकारिक तौर पर एंट्री हो रही है. इसमें सबसे प्रचलित रास्ता डेरियन गैप बन चुका है। दलदली रेनफॉरेस्ट वाले इस रास्ते पर कई दूसरे खतरे भी हैं।



#### कहां है डेरियन गैप

यह नॉर्थ कोलंबिया और साउथ पनामा के बीच बेहद घना जंगल है। करीब सौ किलोमीटर में फैला ये इलाका वर्षा वन है, यानी यहां काफी बारिश होती है। साथ ही भीतर धूप नहीं जा पाती, ऐसे में जंगल के भीतर खतरनाक दलदल भी हैं, साथ ही जहरीले मच्छरों से लेकर बाकी जीव-जंतु भी हैं। छोटी नदियां भी हैं, जो अचानक उफन आती हैं। ये गैप दक्षिणी और उत्तरी अमेरिका को जोड़ता है। इस पैसेज को पार करने पर उत्तर में संयुक्त राष्ट्र अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको आते हैं और दक्षिण में वेनेजुएला जैसे देश हैं, जिनमें से कई बेहद गरीब या राजनैतिक अस्थिरता से भरे हुए हैं। इतने सारे खतरों के बाद भी अवैध इमिग्रेंट्स के लिए ये पसंदीदा रूट है। इसकी बड़ी वजह है कि ये अकेला जमीनी रास्ता है, जो दक्षिण अमेरिका को सेंट्रल अमेरिका से जोड़ता है। दूसरा कारण है, वीजा मिलने की दिक्कत। चूंकि डेरियन गैप पर पेट्रोलिंग ना के बराबर है, ऐसे में वहां से आना भी आसान है।

#### कदम-कदम पर खतरा

प्राकृतिक खतरों के अलावा इस जंगल में क्रिमिनल गुटों का भी भारी खतरा है जो नशे से लेकर मानव तस्करी तक करते हैं। कुछ समूह माइग्रेंट्स को यहां से अमेरिका के भीतर पहुंचाने का वादा करते हुए भारी रकम वसूलते हैं। वहीं कुछ समूह रास्ते में लोगों को लूटते हैं। मेडिकल राहत देने वाली संख्या डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने चौंकाने वाला डेटा दिया था। इसके मुताबिक डेरियन गैप में हर साढ़े 3 घंटे में कोई न कोई राहगीर यौन शोषण का शिकार होता है। इस तरह से यह रूट यौन अपराधों का रास्ता भी बन चुका है।

### हांगकांग सरकार ने असंतोष दबाने के लिए पारित किया नया कानून

# नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के विरोध में सड़क पर लोकतंत्र समर्थक

**एजेंसी** | हांगकांग

हांगकांग में मंगलवार को विशेष सत्र के दौरान नया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून पारित कर दिया गया। यह कानून सरकार को असंतोष को दबाने के लिए अधिक शक्ति प्रदान करता है। इस कानून को 2019 के लोकतंत्र समर्थक जैसे प्रदर्शनों पर अंकुश लगाने के कदम के रूप में देखा जा रहा है। हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक इस कानून के विरोध में सड़कों पर उतर आए हैं। उनका मानना है कि नया कानून नागरिकों की स्वतंत्रता को और कमजोर कर देगा। माना जा रहा है कि यह कानून हांगकांग पर चीन की पकड़ को मजबूत करेगा। गत आठ मार्च को नया सुरक्षा कानून बिल विधान परिषद में पेश किया गया था। बिल पेश करने के बाद से ही नेता जान ली ने नया कानून पारित कराने के प्रयास तेज कर दिए थे। इसके लिए एक समिति ने एक सप्ताह तक नियमित बैठकें की।



#### नए कानून में कड़ी सजा का प्रावधान

नए कानून में कड़ी सजाओं का प्रावधान किया गया है। इसमें देशद्रोह व विद्रोह के लिए आजावीन कारावास का प्रावधान किया गया है। वहीं, देशद्रोही प्रकाशनों को रखने सहित छोटे अपराधों के लिए भी कई वर्षों की जेल हो सकती है। इसके साथ ही नए कानून में कुछ प्रावधान दुनिया में कहीं भी किए गए कृत्यों के लिए आपराधिक मुकदमा चलाने की अनुमति भी प्रदान करते हैं।

### रूस की ओर से यूक्रेन के खिलाफ लड़ रहे युद्ध

# नेपाली नागरिकों की वापसी का रास्ता साफ!

**एजेंसी** | काठमांडू

नेपाल के उपप्रधानमंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ ने कहा है कि रूस ने उन नेपाली नागरिकों के अनुबंध रद्द करने के लिए अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी है जो रूसी सेना में शामिल होकर यूक्रेन से युद्ध लड़ रहे हैं। रिपब्लिका अखबार की खबर के मुताबिक विदेश मंत्री का भी प्रभार संभाल रहे श्रेष्ठ ने संसदीय बैठक में सूचित किया कि रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह सेना में शामिल हुए नेपाली नागरिकों के अनुबंध रद्द करने के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमत है।

#### सैकड़ों नेपाली यूक्रेन में तैनात

इस प्रक्रिया का तौर-तरीका अभी तय नहीं हुआ है। मॉस्को में नेपाली दूतावास लगातार इस पर नजर रख रहा है। यूक्रेन में बंदी बनाए गए लोगों की तस्वीरें जारी की गई हैं। उन्हें नेपाल वापस लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सैकड़ों नेपाली नागरिक यूक्रेन के खिलाफ रूस की तरफ से लड़ रहे हैं। कुछ नेपाली नागरिक यूक्रेनी सेना में भी सेवारत हैं, लेकिन दोनों देशों ने नेपाल सरकार के साथ विवरण साझा नहीं किया है।

## बलूचिस्तान में भूकंप के झटके



**एजेंसी** | कराची

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को 5.4 तीव्रता का मध्यम भूकंप आया। इस दौरान और किसी के हताहत होने की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि भूकंप का केंद्र क्वेटा से 150 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में 35 किलोमीटर की गहराई में था। विवरण के अनुसार, भूकंप के झटके राजधानी क्वेटा, नोशकी, चागी, चमन, किला अब्दुल्ला, दलबादीन, पिशिन और प्रांत के कुछ अन्य इलाकों में महसूस किए गए। पाकिस्तान मौसम कार्यालय ने कहा कि भूकंप के झटके पाकिस्तान-ईरान सीमा क्षेत्रों में भी महसूस किए गए। हालाँकि, अधिकारियों ने किसी भी क्षेत्र से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं दी है जहां भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

### 800 कंपनियां बैंकरप्सी की कतार में

# मंदी के दरवाजे पर खड़ा है कनाडा

**एजेंसी** | ब्रिटेन

ब्रिटेन समेत दुनिया के कई देश इस समय मंदी की चपेट में हैं। जापान बाल-बाल इससे बचा है लेकिन अब कनाडा के मंदी में फंसने का खतरा पैदा हो गया है। देश में बैंकरप्सी के लिए अप्लाई करने वाली कंपनियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। केवल जनवरी में ही 800 से अधिक कंपनियों ने बैंकरप्सी के लिए आवेदन किया। यह संख्या 13 साल में सबसे ज्यादा है। कोरोना काल के दौरान कंपनियों को ब्याज मुक्त लोन दिया गया था जिसे चुकाने की डेडलाइन जनवरी में खत्म हुई थी।

कनाडा की जीडीपी में छोटी कंपनियों की करीब 33 फीसदी हिस्सेदारी है। वहीं कनाडा के सरकारी आंकड़े देश की इकॉनॉमी को मजबूत बता रहे हैं। गौरतलब है कि कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो ने पिछले साल खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ बताया था। इसके बाद से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। दोनों देशों ने ही एक-दूसरे के टॉप डिप्लोमेट्स को निष्कासित किया था।

#### दुनिया के आठ देश मंदी में

इस समय ब्रिटेन समेत दुनिया के आठ देश मंदी में फंसे हैं। इनमें ब्रिटेन के अलावा डेनमार्क, एस्तोनिया, फिनलैंड, लक्जमबर्ग, मोल्दोवा, पेरू और आयरलैंड शामिल हैं। दिलचस्प बात है कि इनमें से छह देश यूरोप के हैं। इस लिस्ट में अफ्रीका और नॉर्थ अमेरिका का कोई देश नहीं है। जापान अभी मंदी से बाल-बाल बचा है। कई और देशों पर भी मंदी का खतरा मंडरा रहा है। इनमें जर्मनी भी शामिल है। यूरोप की यह सबसे बड़ी इकॉनॉमी कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है। चीन में हालात भी लगातार खराब होते जा रहे हैं। अमेरिका पर भी कर्ज लगातार बढ़ रहा है और यह जीडीपी का 125 परसेंट से अधिक पहुंच चुका है।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

**“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए**

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl